


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

वर्ष- 13, अंक - 146 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 13 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-








# महिलाओं के मान-सम्मान से ही होती है हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की पहचानः सीएम बघेल

- छत्तीसगढ़ महिला कोषः अब तक 39 हजार समूहों को 9500 करोड़ रूपए से अधिक के ऋण का वितरण
- कौशल्या मातृत्व योजनाः दूसरी बेटी के भी जन्म पर 5000 रूपए की राशि
- सरकारी पदों में भर्ती के लिए महिलाओं को 30 प्रतिशत का आरक्षण
- छत्तीसगढ़ में बेटियों के लिए पोस्ट ग्रेजुएट तक निःशुल्क शिक्षा की सुविधा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से आज प्रसारित रेडियोवार्ता लोकवाणी की 27वीं कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार-नारी शक्ति के सरोकार' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के मान सम्मान से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान होती है। इसे हम सभी को गहराई से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान करने वाला समाज ही संस्कारी समाज होता है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को भरपूर सम्मान दिया जा रहा है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं और बेटियां अब बड़े लक्ष्य लेकर निकल पड़ी है, जिसे आगे बढ़ने से अब कोई रोक नहीं सकता।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को हम एक ऐतिहासिक घटना मानते हैं। हमारे पुरखों के मन में अपने राज्य की एक मुकम्मल तस्वीर थी। सदियों से छत्तीसगढ़ एक लोक प्रदेश रहा है। यहां की परंपरा, पर्व-त्यौहार, संस्कृति के विभिन्न रंगों में, अपने संसाधनों के प्रति आदर भाव में, अपने स्वाभिमान और अस्मिता के स्वभाव में, जो अपनी जननी के प्रति आस्था और श्रद्धा रही है, वही आस्था अपनी धरती के प्रति भी रही है । हमने अपनी विरासत से जो सीखा है, वंदे मातरम के गान से हमने जो सीखा है, उसे अपने प्रदेश में उतारने की प्रबल इच्छा रही है। सौभाग्य से हमें यह अवसर मिला और सरकार बनने के बाद हमने जब इसके लिए उपयुक्त गीत की खोज की तो आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा का छत्तीसगढ़ी में लिखा यह गीत विचार में आया। 'अरपा पइरी के धार महानदी हे अपार, इन्द्रावती ह पखारय तोर पईंया। महूं पांव परंव तोर भुइंया, जय हो-जय हो छत्तीसगढ़ मइया' इस गीत में हमें छत्तीसगढ़ महतारी की सम्पूर्ण छवि दिखती है। हम इसी मातृभाव के साथ छत्तीसगढ़ की सेवा करना चाहते हैं। इसलिए इस गीत को छत्तीसगढ़ का राज्य गीत बनाया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों की वजह से हमें ऐसा संविधान मिला है, जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया गया है। हमारे संस्कार और प्रयासों का ही नतीजा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं का प्रतिशत, देश की अन्य विधानसभाओं की तुलना में सबसे अधिक है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। भूमि और संपत्ति पर कानून के अनुसार महिलाओं को समान स्वामित्व और नियंत्रण का अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ऐसे कई नीतिगत इंतजाम किए हैं, जिसमें महिलाओं को अचल संपत्ति पर अधिकार मिले। अचल संपत्ति का पंजीयन महिलाओं के नाम पर कराए जाने पर स्टाम्प शुल्क में 1 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया गया है, जिसके कारण एक वर्ष में 50 हजार से अधिक पंजीयन हुए और 37 करोड़ रुपए से अधिक की छूट उन्हें मिली। सरकारी पदों में भर्ती के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा महिलाओं को दी गई है। महिला छात्रावास तथा आश्रमों में महिला होम गार्ड के 2 हजार 200 नए पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश के 370 थानों में महिला हेल्प डेस्क संचालित किए जा रहे हैं। महिला हेल्पलाईन 181 का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के किसी भी कोने से इस टोल फ्री नंबर 181 पर फोन करके कोई भी महिला सहायता प्राप्त कर सकती है। मैं चाहूंगा कि हमारी बहनें इस 181 नंबर को याद रखें और कोई भी तकलीफ होने पर इसकी मदद लें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि अब हम प्रत्येक जिले में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन करने जा रहे हैं ताकि हमारी माताओं, बहनों को पूर्ण सुरक्षा का वातावरण मिले। जिला खनिज न्यास निधि बोर्ड में ग्रामसभा सदस्य के रूप में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए अपना महाविद्यालय हो, इसके लिए हमने 9 जिलों में नए महिला महाविद्यालय शुरू किए हैं। हमारे प्रयासों से सरकारी महाविद्यालयों में बेटियों की संख्या बेटों से डेढ़ गुना हो गई है। छत्तीसगढ़ के इन अभूतपूर्व प्रयासों को नीति आयोग ने भी सराहा है और वर्ष 2020-21 की इंडिया-इंडेक्स रिपोर्ट में लैंगिक समानता के लिए छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## खास-खबर



### कांग्रेस में उठापटकः सोनिया-प्रियंका गांधी दे सकती हैं इस्तीफा, खड़गे या वासनिक हो सकते हैं कार्यकारी अध्यक्ष; फैसला शाम चार बजे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पांच राज्यों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस अब आत्ममंथन कर रही है। आज शाम चार बजे से कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होनी है। अनुमान लगाया जा रहा है इस बैठक में सोनिया गांधी अपने इस्तीफे की पेशकश करेंगी। अगर सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर इस्तीफे की पेशकश पर आम सहमति बनती है तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे या मुकुल वासनिक को फिलहाल पार्टी का वर्किंग प्रेसिडेंट बनाया जा सकता है। चर्चा इस बात की भी है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के इतिहास में अब तक के सबसे बुरे प्रदर्शन के बाद पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी अपने पद से इस्तीफे की पेशकश कर सकती हैं।

### वीगन्स ऑफ छत्तीसगढ़ ने पशु क्रुरता पर किया जागरूकता कार्यक्रम

**भिलाई।** वीगन इंडिया मूवमेंट के सहयोग से 12 मार्च को भिलाई नगर में स्थित सिविक सेंटर में एवं सुपेला रेलवे क्रासिंग पर खड़े होकर वीगन्स ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्यों नें बैनर के माध्यम से पशुओं पर हो रही क्रुरता को दिखाया और एनिमल फ़ार्मिंग के दुष्परिणामों के बारे में जनता को अवगत कराया।

इस कार्यक्रम का लक्ष्य पशु क्रुरता के बारे में जागरूकता फैलाना था, जहां उन्होंने ये बताया की जीव हत्या बहुत ही दर्दनाक एवं अनावश्यक प्रथा है। वीगन किसी भी प्रकार के पशु शोषण और क्रुरता के खिलाफ हैं और वीगनवाद एक जीवन शैली को कहा जाता है जिसमे किसी भी प्रकार के पशु उत्पादों का किसी भी रूप में उपयोग नहीं किया जाता है। बिलासपुर, रायपुर, कोरबा एवं छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने जनता से सीधी बातचीत की, पशु उद्योग क्रुरता पर दस्तावेजी प्रस्तुत की एवं जनता से अनुरोध किया की पशुओं के खिलाफ हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएँ।

## होली के पहले, होली के रंग में मस्तानों की टोली



भिलाई। दुर्ग डीपीएस के सामने रिसॉर्ट में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं का ग्रुप होली के पूर्व रंग-गुलाल से हुए सराबोर और डीजे की धुन पर थिरके पैर।

## फिर लौट रहा कोरोना?: चीन में दो साल बाद एक दिन में सामने आए 3400 नए मामले, शंघाई में स्कूल बंद

**बीजिंग ( एजेंसी )।** चीन में एक बार फिर से कोरोना वायरस ने दस्तक दी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक, रविवार को यहां करीब 3400 नए मामले सामने आए हैं। शनिवार की तुलना में ये मामले दोगुने से अधिक हैं। इतनी बड़ी संख्या में सामने आए कोरोना मामलों ने एक बार फिर से स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। खबरों के मुताबिक, चीन के कुछ शहरों के कई हिस्सों को धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है।

### दो साल बाद सर्वाधिक मामले

रिपोर्ट्स की मानें तो चीन में करीब दो साल बाद इतनी बड़ी संख्या में दैनिक मामले सामने आए हैं। इसके बाद चीन के शंघाई शहर में स्कूलों को बंद कर दिया है और कई शहरों को भी बंद किया जा रहा है। इससे पहले कुछ शहरों में पूरी तरह से लॉकडाउन लगाया गया है।

### कई शहरों में फैल रहा संक्रमण

चीन में कोरोना संक्रमण कई शहरों में फैल रहा है। करीब आधा दर्जन शहरों में मामले दर्ज किए




गए हैं। सर्वाधिक मामले जिलिन शहर में आए। यहां शनिवार को 1412 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं अलग-अलग शहरों में भी संक्रमण बढ़ता जा रहा है।

### भारत में कोरोना के 3116 नए मामले

चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों ने भारत में भी स्वास्थ्य अधिकारियों को सचेत कर दिया है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 3116 नए मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अब देश में 38069 सक्रिय कोरोना मरीज हैं। वहीं अब तक 4.24 करोड़ लोगों को ठीक किया जा चुका है। वहीं पांच लाख से ज्यादा लोगों की कोरोना के कारण मौत हुई है।

## प्रतिबंध झेल रहे रूस ने मांगी भारत से मदद! निवेश में बढ़ोतरी की अपील

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यूक्रेन से जारी युद्ध के बीच रूस ने भारत से मदद की अपील की है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट बताती है कि रूस ने भारत से अपील की है कि वह प्रतिबंध से प्रभावित मॉस्को के तेल और गैस क्षेत्र में अपने निवेश को बढ़ाए। रूस एशिया के तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश भारत में रूसी कंपनियों के बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने का इच्छुक है। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद से रूस की इकॉनमी सबसे गहरे संकट का सामना कर रही है क्योंकि



पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर आक्रमण करने की वजह से मॉस्को पर गंभीर प्रतिबंध लगाए हैं। कुछ पश्चिमी देशों ने भारत से यूक्रेन में रूसी कार्रवाइयों की निंदा करने को कहा है कि लेकिन भारत अब तक रूस के खिलाफ बोलने से बचता रहा है।

### रूस चाहता है कि भारत बढ़ाए अपना निवेश

रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा है कि भारत में रूस के तेल और पेट्रोलियम उत्पाद का निर्यात 1 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच गए हैं, और इस आंकड़े को बढ़ाने के स्पष्ट अवसर हैं। नोवाक ने भारतीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से कहा कि हम रूसी तेल और गैस क्षेत्र में भारतीय निवेश को और आकर्षित करने और भारत में रूसी कंपनियों के बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने में रुचि रखते हैं।

### वैश्विक ऊर्जा बाजार होगी बाधित

अमेरिका ने इसी सप्ताह रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध लगा दिया और ब्रिटेन ने कहा है कि वह साल के अंत तक चरणों में प्रतिबंध लगाएगा। चूंकि रूस कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। ऐसे में पश्चिमी देशों के फैसलों से वैश्विक ऊर्जा बाजार और बाधित होने की आशंका जताई जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलीब्रेशन : विधायक देवेन्द्र के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने निकाली स्कूटर रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रविवार को सेंट्रल एवेन्यू पर स्कूटी पर सवार महिलाओं को हुजूम निकला। यह खास रैली अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलीब्रेशन के तौर पर निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में शहर की महिलाओं का हौसला बढ़ाने के लिए स्कूटी रैली निकाली गई। कार्यक्रम में घरेलू महिलाओं के साथ ही युवतियों व महिला पुलिस कर्मियों ने भी अपनी उपस्थिती दर्ज कराई।

बता दें विधायक देवेन्द्र बीत तीन साल से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं में जागरुकता लाने व उनका हौसला बढ़ाने के लिए स्कूटी रैली का आयोजन करा रहे हैं। शुरुआत में भले ही संख्या कम रही, लेकिन धीरे धीरे इस



कार्यक्रम में शामिल होने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी। आयोजन के तीसरे साल विधायक देवेन्द्र यादव की स्कूटी रैली में सैकड़ों स्कूटी सवार महिलाओं ने शिरकत की।

महिलाओं की इस रैली में विधायक देवेन्द्र यादव व उनकी पत्नी भी शामिल हुई। रैली की शुरुआत रविवार सुबह सेक्टर-9 चौक से की गई। यह रैली सेंट्रल एवेन्यू से होकर सेक्टर-5 चौक से होते हुए डोम शेड पर समाप्त हुई। इस दौरान विधायक देवेन्द्र ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हमारा प्रयास कि महिलाओं का हौसला बढ़ाया जाए। आज किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिती कम नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाएं बेहतर काम कर रही हैं। आज का दिन उन सभी महिलाओं को सम्मान देने का दिन है।

### हमारी बहन-बेटियां बिना डरे करें हर काम


विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस स्कूटी रैली के आयोजन का उद्देश्य हमारी बहन- बेटियों को भयमुक्त करना और उन्हें आगे बढ़ाना है। हम उनका उत्साह बढ़ाने के लए उनके साथ खड़े हैं। पुरुष प्रधान देश में अपनी पहचान बनाना ही बड़ी बात है। हमारी बहन-बेटियां जागरूक हो रही हैं और भिलाई ही नहीं छत्तीसगढ़ व देश के निर्माण में अपनी सहभागिता दे रही हैं। विधायक ने कहा कि आज हुई रैली में सैकड़ों बहन-बेटियों ने शामिल होकर दिखा दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।

## उपचुनावः खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव का ऐलान, 12 अप्रैल को होगा मतदान, 16 को वोटो की गिनती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग (इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया) ने देशभर में रिक्त लोकसभा और विधानसभाओं के उप चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिन स्थानों पर चुनाव होना है, उसमें छत्तीसगढ़ की एक सीट भी शामिल है। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजा व विधायक देवव्रत सिंह के निधन के बाद यह सीट रिक्त है। खैरागढ़ उप चुनाव के लिए 12 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव की घोषणा के साथ अब तैयारियां भी शुरू हो जाएंगी।

चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ विधानसभा के लिए 12 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं 16 अप्रैल को काउंटिंग और नतीजे की घोषणा होगी। चुनाव आयोग द्वारा इस ऐलान के साथ ही राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। आयोग की घोषणा के मुताबिक नॉमिनेशन की अंतिम तारीख 24 मार्च होगी। वहीं 25 मार्च आवेदनों




की स्क्रूटनी की जाएगी। 28 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 12 अप्रैल को मतदान होगा। उप चुनाव के लिए नोटिफिक्रेशन 17 मार्च को जारी होगा।

### 291 मतदान केंद्रों में डाले जाएंगे वोट

राज्य की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिखा राजपूत तिवारी ने बताया कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि खैरागढ़ उपचुनाव के लिए 291 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 54 मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील है। जिले में मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। बता दें कि बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार और छत्तीसगढ़ में उप चुनाव होने जा रहे हैं। इसमें से बंगाल में 2 सीटों पर, महाराष्ट्र में 1 सीट, बिहार में एक सीट और छत्तीसगढ़ के एक सीट खैरागढ़ विधानसभा पर चुनाव होगा।

### दिल का दौरा पड़ने से हुआ था देवव्रत सिंह का निधन

बता दें कि खैरागढ़ रियासत के राजा और विधायक देवव्रत सिंह का 4 नवंबर को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से खैरागढ़ के विधायक बने। उनके निधन के बाद खैरागढ़ विधानसभा सीट क्रमांक 73 खाली है। अब इलेक्शन कमीशन ऑफइंडिया द्वारा चुनाव कराए जाने के बाद यहां उप चुनाव होंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य दलों की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

## संपादकीय

# बदलाव वक्त की मांग

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों में सभी सीटों की बात करें तो कुल 690 विधानसभा सीटों में कांग्रेस मात्र 55 सीटें जीत पाई। यूपी की 403 सीटों में महज दो सीटें हासिल ही कांग्रेस को मिलीं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की आंधी के सामने कांग्रेस का पत्ता साफ हो गया। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद अगर कांग्रेस के अंदर से असंतोष के स्वर उठने शुरू हुए तो इसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। यह जरूर पूछा जा सकता है कि ये स्वर कितने मजबूत हैं और पार्टी के अंदर सुधार की प्रक्रिया को किसी तार्किक परिणति तक ले जा सकते हैं या नहीं। इसमें दो राय नहीं कि ये चुनावी नतीजे कांग्रेस के लिए करारा झटका हैं। पांच राज्यों की कुल 690 विधानसभा सीटों पर हुए हुए चुनावों में कांग्रेस बमुश्किल 55 सीटें जीत पाई। यूपी में 403 सीटों पर लड़कर वह महज दो सीटें हासिल कर सकी। पंजाब में आम आदमी पार्टी की आंधी के सामने वह टिक नहीं पाई। उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर कहीं से भी ऐसी कोई खबर नहीं आई, जिससे थोड़ी बहुत भी तसल्ली मिल पाती। इसके बाद जी-23 के एक प्रमुख सदस्य गुलाम नबी आजाद ने कहा कि वह पार्टी को इस तरह मरते नहीं देख सकते। जी-23 के ही एक और अहम सदस्य शशि थरूर ने भी कहा कि अगर पार्टी कामयाब होना चाहती है तो बदलाव अनिवार्य हैं। ध्यान रहे जी-23 नाम तब सामने आया, जब कांग्रेस के 23 वरिष्ठ नेताओं ने अगस्त 2020 में पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी को संगठनात्मक सुधार का सुझाव देते हुए पत्र लिखा था। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इनके प्रमुख सुझावों पर सहमति जताते हुए संगठनात्मक चुनाव का इरादा भी घोषित किया था, लेकिन कोरोना के कारण उन पर अमल नहीं हो सका।

> “ पहले भी कई बार पार्टी का नेतृत्व गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में गया है, लेकिन पार्टी इस परिवार के आभामंडल से बाहर नहीं निकल पाई। फिर यह बात भी है कि अच्छा हो या बुरा, पर पिछले काफी समय से यही परिवार पार्टी की मुख्य प्राण शक्ति भी बना हुआ है। ऐसे में पार्टी और गांधी परिवार, संकट दोनों के सामने है। वे जिन मूल्यों की भी बात करें, उन्हें बचाने की उनकी कवायद का कोई मतलब तभी बनता है, जब वे राजनीति में प्रासंगिक बने रहें। और राजनीति पूरी तरह बदल चुकी है। अगर देश की सबसे पुरानी पार्टी को इतिहास में दफ्न हो जाने से बचना है तो अपना कायाकल्प करना ही होगा।

बहरहाल, विचार-विमर्श को लेकर पार्टी नेतृत्व ने भी तैयारी दिखाई है। सोनिया गांधी ने चुनाव परिणामों पर विचार के लिए जल्द ही पार्टी कार्यसमिति की बैठक बुलाने की बात कही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि विचार-विमर्श के नाम पर क्या होने वाला है और पार्टी के अंदर किस हद तक बदलाव स्वीकार किए जाने वाले हैं। क्या पार्टी को गांधी परिवार की अगुआई से मुक्ति मिलने वाली है? हालांकि गांधी परिवार से बाहर के किसी शख्स को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने भर से इस बात की गारंटी नहीं हो जाती कि पार्टी में गांधी परिवार का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। पहले भी कई बार पार्टी का नेतृत्व गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में गया है, लेकिन पार्टी इस परिवार के आभामंडल से बाहर नहीं निकल पाई। फिर यह बात भी है कि अच्छा हो या बुरा, पर पिछले काफी समय से यही परिवार पार्टी की मुख्य प्राण शक्ति भी बना हुआ है। ऐसे में पार्टी और गांधी परिवार, संकट दोनों के सामने है। वे जिन मूल्यों की भी बात करें, उन्हें बचाने की उनकी कवायद का कोई मतलब तभी बनता है, जब वे राजनीति में प्रासंगिक बने रहें। और राजनीति पूरी तरह बदल चुकी है। अगर देश की सबसे पुरानी पार्टी को इतिहास में दफ्न हो जाने से बचना है तो अपना कायाकल्प करना ही होगा।

> “ गुजरात में भाजपा को जन-असंतोष के चलते मुख्यमंत्री सहित तमाम मंत्री बदलने पड़ गए थे। यही वजह है कि इन दोनों राज्यों में भगवा दल ने अभी से दम लगाना शुरू कर दिया है। इन हालात में अगर कांग्रेस ने ये दोनों राज्य भाजपा से वापस ले लिए, तो उसके विरुद्ध जारी प्रचार मंद पड़ जाएगा। यदि वहां भी पंजाब व उत्तराखंड जैसा हाल हुआ तो? इस सवाल का जवाब आप जानते हैं।

# मोदी मैजिक और आप का उभार

शशि शेखर

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव का कोलाहल अभी शांत नहीं हुआ, पर दूसरी बड़ी लड़ाई की धूल उड़नी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद में 'रोड शो' के साथ गुजरात की चुनावी दशा-दिशा तय करते दिखे। सिर्फ एक दिन पहले उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी मुख्यालय में 'विजय दिवस' मनाया था। पंजाब में झाड़ूमार जीत से उत्साहित केजरीवाल भी जल्द वहां पहुंचने वाले हैं। तय है, अब अहमदाबाद सियासी सरगर्मी की धुरी बनने जा रहा है। गुजरात और हिमाचल में साल के अंत में चुनाव होने हैं। कल किसका होगा, पता नहीं, पर आज इतना निश्चित है कि शुरुआती झटकों के बावजूद 'मोदी मैजिक' कायम है। याद करें, उनके दूसरे सत्तारोहण के बाद महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में चुनाव हुए। तीनों के परिणाम नकारात्मक रहे थे। महाराष्ट्र में शिव सेना भाजपा के साथ मिलकर लड़ी, पर मौका देख उसने परंपरागत विपक्षियों से हाथ मिलाकर सरकार बना ली। झारखंड में न केवल पार्टी पराजित हुई, बल्कि खुद मुख्यमंत्री रघुवर दास चुनाव हार गए। हरियाणा का जनादेश अपंग था। वहां किसी तरह दुष्यंत चौटाला की अगुवाई वाली जजपा से हाथ मिलाना पड़ा। ऐसे दलों के साथ सरकार बनाना अक्सर घाटे का सौदा होता है, पर करते क्या?

बाद में बिहार और बंगाल के चुनावों के दौरान भी ऐसा लगा कि केंद्र के लिए तो लोग नरेंद्र मोदी को पसंद करते हैं, पर राज्यों की हुकूमत के मामले में यह रसायन कारगर साबित नहीं होता। कोई आश्चर्य नहीं कि इससे प्रेरित होकर अखिलेश यादव ने पुराने विरोधियों को गलबहियां डाल लीं। कांग्रेस ने भी पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर सोच लिया कि 30 फीसदी से अधिक दलित मत उसकी झोली में खुद-ब-खुद आ जाएंगे। उत्तराखंड और गोवा पर तो वह अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानकर चल रही थी। मणिपुर में भी देश की सबसे पुरानी पार्टी को अच्छे अवसर दिख रहे थे।

हुआ इसका उल्टा!

योगी बाबा उत्तर प्रदेश में दो-तिहाई बहुमत से दोबारा सत्ता हासिल करने का कीर्तिमान बनाने में कामयाब हो गए। यही नहीं, भाजपा ने गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में दोबारा सरकार बनाने में सफलता हासिल की। यह 'गुड गवर्नेंस', मोदी के चेहरे और जबरदस्त सांगठनिक क्षमता का कमाल था। इसने पुराने झटकों के घाव भर दिए। साथ ही, यह भी साबित कर दिया कि भगवा दल अपनी भूलों से सीखने की प्रशंसनीय क्षमता रखता है। हर हार के साथ जीत के सबक होते हैं। जानने के लिए उत्तर प्रदेश की ओर दोबारा रुख करते हैं।

अखिलेश यादव करारी हार के बावजूद अपनी सीटें और मत-प्रतिशत बढ़ाने में सफल रहे हैं। उनकी अगुवाई वाले गठबंधन ने भाजपा को ऐसे जख्म दिए, जो देर तक रिसते रहेंगे। सिराथू से उप-मुख्यमंत्री सहित अनेक मंत्रियों की हार ऐसे ही घावों में से एक है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अखिलेश मुख्य विपक्षी गठबंधन के नेता का दायित्व निभा पाते हैं या नहीं? उनका पहला इम्तिहान इस गठबंधन को बनाए रखना होगा।



इस गठबंधन में पिछड़ों के लगभग सभी समुदायों के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। यदि वे गठबंधन को कायम रख सके, तो कोई दो राय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी को 62 लोकसभा सांसदों के जखीरे को बचाने में तमाम दिक्कतें आएंगी, लेकिन इसके लिए अखिलेश यादव को सदन से लेकर सड़क तक लंबा संघर्ष करना होगा। उन्हें अपने जातिगत समीकरणों के संजाल को विस्तार देना होगा। इसके साथ विरोध के असरकारी मुद्दे खोजने होंगे। इन चुनावों का संदेश स्पष्ट है कि मोदी और योगी ने जातियों के मायाजाल को 'बुल्डोज' कर दिया है। बिना संघर्ष और सार्थक मुद्दों के इस जोड़ी से जूझना असंभव है।

क्या अखिलेश यादव ऐसी जंग के लिए तैयार हैं?

जातीय समीकरणों की बात आने पर मायावती का जिक्र न आए, यह संभव नहीं। वह जातीय जोड़-तोड़ की मलिका रही हैं, पर पहली बार उनके 'वोट बैंक' में लगभग 10 फीसदी की सांघातिक सेंध लगी है। परिणाम घोषित होने के अगले दिन पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि वह 'बीजेपी की बी-टीम' वाले दुष्प्रचार का शिकार हो गईं। पर सच यह है कि अब जाटवों को भी लगने लगा है कि वह टिकट तो अमीरों को देती हैं, और वोट हमसे मांगती हैं। मायावती इस वक्त अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही हैं। मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों और योगी के जबर्दस्त प्रशासन ने उनके तिलिस्म को तोड़ दिया है। उनकी वापसी फिलहाल मुश्किल लगती है, लेकिन वह अतीत में कई बार चौंका चुकी हैं।

यहां आम आदमी पार्टी के अभ्युदय की चर्चा जरूरी है। सिर्फ दस साल पहले जब अरविंद केजरीवाल ने नए दल की घोषणा की थी, तब लोग हंसे थे, पर चंद महीनों में वह दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए थे। उन्होंने अस्पताल बेहतर किए। मोहल्ला क्लीनिक खोले। स्कूलों को स्तरीय बनाया और बिजली-पानी के बिलों पर लगाम लगाई। पुरानी कहावत है कि विशाल बरगद के तले कोई पौधा नहीं फलता, अरविंद ने केंद्र सरकार के साये में बैठकर तीन चुनाव, एक के बाद एक जीते। मोदी की तरह ही वह किसी जाति विशेष के नेता नहीं हैं।

आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पालने की हकदार हो गई है। पंजाब दो महीने में उसे राज्यसभा की पांच और सीटें प्रदान करने जा रहा है। नतीजतन, राज्यसभा में 'आप' के आठ सदस्य हो जाएंगे। अरविंद अब संसद से लेकर आम आदमी के घरों तक अपनी आवाज बुलंद करने में सक्षम हो गए हैं। यह तय है कि कांग्रेस में क्षरण ऐसे ही जारी रहा, तो उत्तर और पश्चिम के तमाम राज्यों में चुनाव-दर-चुनाव मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सिमट सकता है। गुजरात और हिमाचल के चुनाव में इसकी झलक दिख जाएगी।

ध्यान दें। आम आदमी पार्टी सिर्फ कांग्रेस का 'स्पेस' नहीं ले रही, बल्कि वह कुछ क्षेत्रीय दलों के लिए भी चुनौती बन गई है। इन पार्टियों के दलपतियों के कारनामे ऐसे हैं कि वे केंद्र सरकार से सीधी टक्कर लेने में हिचकिचाते हैं। अरविंद के हाथ उनकी तरह बंधे हुए नहीं हैं। हालांकि, शुरुआती तौर पर इसका लाभ भाजपा को होगा, पर अब यह साबित हो चुका है कि अरविंद केजरीवाल लंबी दौड़ के धावक हैं।

क्या अगले पांच साल में हम नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल की लड़ाई देखने जा रहे हैं?

इस सवाल के जवाब के शुरुआती संकेतों के लिए साल के अंत तक इंतजार करना बेहतर रहेगा। गुजरात और हिमाचल में कांग्रेस मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाती है। हिमाचल में पिछले उप-चुनावों के दौरान उसने न केवल मंडी की लोकसभा सीट भाजपा से छीन ली, बल्कि तीन विधानसभा सीटों पर भी कब्जा जमा लिया। गुजरात में भाजपा को जन-असंतोष के चलते मुख्यमंत्री सहित तमाम मंत्री बदलने पड़ गए थे। यही वजह है कि इन दोनों राज्यों में भगवा दल ने अभी से दम लगाना शुरू कर दिया है। इन हालात में अगर कांग्रेस ने ये दोनों राज्य भाजपा से वापस ले लिए, तो उसके विरुद्ध जारी प्रचार मंद पड़ जाएगा। यदि वहां भी पंजाब व उत्तराखंड जैसा हाल हुआ तो? इस सवाल का जवाब आप जानते हैं।

# अंधेरा है, पर रोशनी के लिए लड़ने वाले भी कम नहीं

रुनझुन बेगम, उद्यमी समाजसेवी

सन 1947 में खुदमुख्तारी हासिल करने के बाद हिन्दुस्तान ने अपने चप्पे-चप्पे पर कानून का राज तो घोषित कर दिया, मगर इसके समाज में अब भी ऐसे कई अंधेरे कोने हैं, जहां कानून का कोई अमल-दखल नहीं, जहां इंसानियत हर रोज रौंदी जाती है, कांपती-थर्राती है। रुनझुन बेगम हमारे समाज के इन्हीं स्याह कोनों के लिए एक 'लैंपपोस्ट' हैं। कामरूप (असम) जिले के रंगिया कस्बे की रुनझुन एक गरीब परिवार में पैदा हुईं। वह जिस तबके से आती हैं, उसमें लड़कियां तब किशोरावस्था में ही ब्याह दी जाती थीं। लिहाजा, 2007 में मैट्रिक पास करने के बाद रुनझुन भी ब्याह दी गईं। उस वक्त वह सिर्फ 16 साल की थीं। वह आगे और पढ़ना चाहती थीं, मगर बिरादरी के उसूल आड़े आ गए और वाल्दैन भी इस जिम्मेदारी से जल्द फारिग होना चाहते थे। इस नियति को रंगिया जैसे कस्बों की बेटियां ही नहीं जीती हैं, जिसमें जिम्मेदारी 'पूरी' करने के बजाय उससे 'मुक्ति' की भावनाएं पलती हों, यह हमारे कथित शिक्षित परिवारों से जुड़ी विडंबना भी है। उनमें भी बेटी के ब्याह का फर्ज एक 'बोझ' जैसे एहसास तले हमेशा दबा रहता है। रुनझुन का दांपत्य जीवन शुरू-शुरू में ठीक था, क्योंकि वह एक खिदमद गुजार बीवी और बहू का किरदार जो निभाती रहीं। आसपास की तमाम हमउम्र लड़कियों की जिंदगी भी कुछ ऐसी ही थी। शादी के साल भर बाद उनकी गोद में बड़ी बेटी रिया आ गई थी। मां की भूमिका वैसे भी हर मलाल को मिटा देती है, रुनझुन भी बेटी की मुस्कान से दिन भर की अपनी थकन और शिकायतें धोती रहीं।

साल 2010 में दूसरी बेटी नूरी की पैदाइश के बाद ससुराल वालों के तेवर बिल्कुल बदल गए। सास-ससुर की तल्ख बातें देखते-देखते गालियों में तब्दील हो गईं, पति ने भी बात-बात पर जलील करना शुरू कर दिया। रुनझुन के पास इन्हें सहने के सिवा दूसरा कोई चारा नहीं था। यही सामाजिक दस्तूर था। सदियों से पोषित संकीर्ण सोच सिर्फ कानून बना देने से बदल जाया करती, तो इतने सारे इदारों की जरूरत भी क्यों पड़ती? याद कीजिए, बालिग बेटियों को आजादी के साथ वोट डालने का हक फौरन मिल गया था, मगर पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का कानूनी अधिकार पाने में उन्हें तब भी कई दशक लग गए।

करीब तीन साल तक रुनझुन इस जहालत और जुल्म को झेलती रहीं। मानसिक उत्पीड़न अब शारीरिक प्रताड़ना तक पहुंच चुका था।



कई बार रुनझुन के मन में यह गुनहगार सोच उभरी कि खुद को खत्म करके इस तकलीफ से हमेशा के लिए छुटकारा पा लिया जाए, मगर उनका दीन खुदकुशी को हराम बता रहा था, तो कानून अपराध और एक मां का फर्ज अपनी बेटियों के साथ जुल्म। इसलिए रुनझुन का आजिज मन कई बार उस मोड़ तक जाकर लौट आया।

तीन साल से भी ज्यादा वक्त इसी तरह गुजर गया। इसके बाद एक और आजमाइश की घड़ी आई। रुनझुन फिर से मां बनने वाली थीं। एक और बेटी के ख्याल से 'चिंतित' घरवाले किसी सूरत इस बच्चे को दुनिया में लाए जाने के रवादार न थे। पति और ससुराल वालों ने रुनझुन को गर्भपात के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें यह कतई गवारा न था। जाहिर है, उन पर होने वाली ज्यादतियों की सूची बढ़ती गई। अब कोई भी दिन ऐसा न बीतता, जब उनके साथ मार-पीट न की जाए। फिर 11 फरवरी, 2013 का वह दिन आया, जब सब्र ने साथ छोड़ दिया और जेहन ने यह पुख्ता एहसास कराया कि वह किसी दिन मारी जा सकती हैं। अब तक बच्चियों की चिंता पांव में बेड़ियां डाले थी, अब तो यह उलझन भी नहीं रही। आखिर कब्र में पहुंचकर वह उनकी क्या मदद कर सकती थीं? पांच माह की गर्भवती रुनझुन के लिए ससुराल से जान बचाकर भाग निकलना ही एकमात्र रास्ता बचा था। महज 30 रुपये पल्लू में थे, और सामने अनजानी दुनिया। बस में सवार रुनझुन को यह तक पता नहीं था कि जाना कहां है? मदद किससे मांगनी है?

गुवाहाटी जा रही उस बस में ही एक दंपति को जैसे ऊपर वाले ने फरिश्ता बनाकर भेज दिया था। उनकी मदद से रुनझुन मानवाधिकार आयोग पहुंचीं और वहां उन्होंने घरेलू हिंसा के खिलाफ अपना मुकदमा दायर कराया। वहीं पर उन्हें पबित्रा हजारिका व एलेन महंत मिले। इन दोनों वकीलों ने मुकदमे में रुनझुन की काफी मदद की। 'निर्मल आश्रय' शरणालय में उनके रहने की व्यवस्था कराई।

नाजुक समय था। रुनझुन नौ माह की गर्भवती थीं। गुवाहाटी के पाथरक्वारी इलाके में स्थित इस शरणालय के कर्ताधर्ताओं ने न सिर्फ रुनझुन के सुरक्षित प्रसव की पूरी व्यवस्था की, बल्कि उनके नवजात शिशु और उनका पूरा-पूरा ख्याल रखा। रुनझुन को कुदरत ने इस दफा बेटे से नवाजा। उन्होंने उसका नाम निजामुल हुसैन रखा है। प्यार से वह उसे 'लकी' बुलाती हैं। अगले पांच महीनों तक वह निर्मल आश्रय में ही रहीं। इस दौरान उन्होंने सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण लिया।

उन्होंने जब अपना काम शुरू किया, तब वह बमुश्किल 20 रुपये रोज का कमा पाती थीं। दूसरों के जूठन खाकर, उतरन पहनकर वह पैसे जोड़ती रहीं। हुनरमंद रुनझुन की आमदनी कुछ ही समय में रोजाना 200 रुपये तक पहुंच गई। साल 2014 में उन्होंने अपनी दुकान खोली- 'लकी टेलर।' अपने जैसी कई पीड़िता को उन्होंने खुद से जोड़ा और कुछ ही दिनों में वह पूरे असम, बल्कि राज्य के बाहर से भी ऑर्डर लेने लगीं। अब तो उनकी आय लगभग एक लाख रुपये मासिक तक पहुंच चुकी है। पति से तलाक ले चुकी हैं, मगर दोनों बेटियां उनसे दूर हैं। रुनझुन आज खुद जैसी 15 महिलाओं के परिवार पाल रही हैं। असम सरकार की समाज कल्याण मंत्री ने हाल ही में उन्हें सम्मानित किया है।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### हमारी चुनावी तैयारी पूरी खैरागढ़ उपचुनाव भी जीतेंगे - कांग्रेस

सवा तीन साल के कामों के दम पर उपचुनाव में जायेंगे –मोहन मरकाम

**रायपुर।** कांग्रेस ने खैरागढ़ उपचुनाव की तारीख घोषित होने का स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि हमारी चुनावी तैयारी पूरी है। पिछले तीन उपचुनावों की भांति पूरा भरोसा है। हम खैरागढ़ उपचुनाव भी जीतेंगे। खैरागढ़ की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को यहां से विधायक बना कर खैरागढ़ के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। कांग्रेस पार्टी खैरागढ़ उपचुनाव में जाने के लिये अपनी तैयारियां पूरी कर चुकी है। बताने के लिये अपनी सरकार के सवा तीन साल के काम और सरकार की जनकल्याणकारी योजनायें है। पिछले सवा तीन साल में कांग्रेस की सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में न सिर्फ जनकल्याणकारी योजनायें बनाई उनका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि तीन साल में कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र के 90 प्रतिशत से अधिक वायदों को पूरा कर दिया है। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का कर्जा माफकिया। सरकार किसानों को उनके धान की पूरी कीमत 2500 रू. दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों की सहायता दी जा रही। राजीव गांधी भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के माध्यम से कृषि मजदूरों तथा पौनी पसारी करने वालों को सहायता दी जा रही। मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों के साथ युवाओं, मजदूरों, महिलाओं अनुसूचित जाति, जनजाति, उद्योगपतियों, व्यापारियों सभी के हित में कांग्रेस के प्रति राज्य की जनता का भरोसा और बढ़ा है। 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में हुये सभी विधानसभा उपचुनावों, नगरीय निकाय चुनावों, पंचायत चुनावों में जनता ने कांग्रेस को भरपूर आर्शिवाद देकर कांग्रेस की सरकार के काम पर मुहर लगाया है।

# गौठान महिलाओं के स्वावलंबन का सबसे बढ़ा साधन : श्रीमती अनिला भेंड़िया

श्रीकंचनपथ न्यूज

### मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया पहुंची अंजोरा स्थित वृदावंन गौठान रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क

### वृदावंन रसोई में टमाटर चटनी के साथ चीला, भजिया और चाय की चुस्की लेते हुए स्वसहायता समूह की महिलाओं से की बातचीत




रायपुर । महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा स्थित वृदावंन गौठान रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क पहुंची। मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया और राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा ने वृदावंन रसोई में छश्रीसगढ़ी व्यंजन टमाटर चटनी के साथ चीला, गुलगुला भजिया और चाय की चुस्की लेते हुए स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि वृदावंन गौठान बनने के बाद ढाबा चला रही हैं।

यहां अतिथियों के साथ आसपास के नागरिक, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी सैर करने और गौठान देखने आते हैं। अब तक ढाबा में लगभग 14 हजार 800 रूपए की बिक्री कर चुकी हैं। प्रतिदिन 400-500 रूपए का विक्रय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके आय का जरिया बन गया है। इस दौरान महिलाओं ने श्रीमती भेंड़िया को गौठान में उत्पादित चार रंग के हर्बल गुलाल हरा, नीला, गुलाबी, पीला, रंग और मिठाई भेंट की। श्रीमती भेंड़िया ने वहां कार्य कर रही महिलाओं को श्रम कार्ड वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने गौठान के रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और महिलाओं से चर्चा कर कार्य विधि की जानकारी ली। उन्होंने गुलाल उत्पादन, गुलाल पैकिंग, बांस शिल्प कारीगिरी, गोपी चंदन, मशरूम शेड, वर्मी कम्पोस्ट का अवलोकन किया। मंत्री श्री भेंड़िया गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं के कार्यों को देखकर प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इस गौठान में महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों में मन लगाकर कार्य करते हुए प्रत्यक्ष देखकर खुशी हुई। यहां महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा थी कि प्रत्येक दीदीयों को कार्य मिले और स्वयं आत्मनिर्भर बन सकें, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण यहां देखने को मिल रहा है। महिलाओं के लिए गौठान स्वालंबन होने का सबसे बढ़ा साधन है। अब महिलाएं स्वयं अपने अनुसार कार्य कर रही हैं और लाभ कमा रही हैं। उन्होंने कहा कि समूह द्वारा सभी महिलाओं का एक साथ कार्य करने से विचारों का आदान-प्रदान करने का मौका मिलता है। शासन की योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। अब दीदीयां स्वयं आमदनी से सक्षम होकर अपने परिवार के के आर्थिक मदद में सहयोग कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने स्वसहायता समूह की महिलाओं से रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में उत्पादित कर रहे सामग्री की जानकारी ली। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि गौठान में 80 महिलाएं कार्य कर रही है। प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 6 हजार रूपए आमदनी हो रही है। गुलाल बना रही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि यहां हर्बल खुशबूदार गुलाल तैयार किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के रंग भी तैयार किए गए है। श्री गणेशा कंपनी से साझेदारी कर कार्य किया जा रहा है। जिसके माध्यम से विक्रय किया जाता है। इसके साथ ही बाजारों में भी गुलाल का विक्रय किया जा रहा है। जिसकी बाजारों और अन्य राज्यों में अधिक मांग है। आज एक ही दिन में 26 हजार रूपए के हर्बल गुलाल का विक्रय दिल्ली के नागरिक को किया है। महिलाओं ने बताया कि मंदिर में उपयोग हुए फूलों को इको कर गुलाल बनाया जाता है। वहीं चंदन तैयार कर रही महिलाओं ने निर्माण विधि की जानकारी दी। मशरूम उत्पादन कर रही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि मशरूम उत्पादन कर ढाबा में विक्रय किया जा रहा है। इससे आमदनी हो रही है। वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कर रही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय से 1 लाख 18 हजार रूपए का लाभांश प्राप्त हो चुका है। इस दौरान ग्राम पंचायत अंजोरा की सरपंच अंजू साहू, जनपद सीईओ राजनांदगांव एसके ओझा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को अब राशन के लिए नहीं जाना पड़ेगा कोसो दूर

### डीआईजी कलेक्टर एवं एसपी ने किया राशन वितरण का शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। तर्रेम से सिलगेर मार्ग पूर्ण हो जाने से दूरस्थ क्षेत्र में पहुंच संभव हुआ, ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने जिला प्रशासन बीजापुर पूर्ण रूप से सजग है। लगातार दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंच बनाकर वनांचल के ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ने का सतत प्रयास की जा रही है।

डीआईजी कोमल सिंह, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप ने सिलगेर में राशन दुकान का शुभारंभ कर ग्रामीणों को राशन चांवल, चना, गुड़ वितरित किया। इस अवसर पर सिलगेर के ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की ग्रामीणों ने पूर्व में राशन लाने की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया था। राशन वितरण के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत सिलगेर के सरपंच श्री कोरसा सन्नू, मोचयकी, जमुना, डोंडी सुरेश, कोरसा लक्ष्मण, कोरसा बुदरू, कोरसा मंगलू ने बताया सिलगेर के ग्रामीणों को राशन लेने 15 किलोमीटर दूर पैदल चलकर जगरगुंडा जाना पड़ता था। सड़क नहीं होने के कारण एवं ग्रामीणों के पास वाहन की सुविधा नहीं होने से पैदल चलकर राशन लाना मजबूरी थी। अब सिलगेर में ही राशन की व्यवस्था होने से ग्रामीणों को राहत मिली, समय एवं धन की बचत होगी।

ग्रामीण महिला ने कहा सुगमतापूर्वक राशन उपलब्ध होने से परिवार को भी पर्याप्त समय देते बनेगा। राशन वितरण का शुभारंभ डीआईजी कलेक्टर एवं एसपी ने हितग्राही पुनेम बंडी, मीड़ीयम बुदरी एवं मीड़ीयम पांडु को अपने हाथों से राशन तौलकर दिया। इस दौरान ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण देखने को मिला कलेक्टर श्री कटारा ने छोटे-छोटे बच्चों को बिस्कीट एवं चाकलेट भी वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रवि कुमार साहू, जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, जिला विपणन अधिकारी तामेश नागवंशी, सीईओ जनपद पंचायत उसूर एसबी गौतम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल-भावना महत्वपूर्णः राज्यपाल उइके

### खेलों को बढ़ावा देने राज्य में हो रहे हरसंभव प्रयासः जयसिंह अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके ने आज यहां बहतराई स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच के पुरूष वर्ग के विजेता सेल राऊरकेला, उप विजेता यंग स्टार हरियाणा, महिला वर्ग की विजेता मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर एवं उप विजेता एसपीएसबी दिल्ली रही। राज्यपाल ने महिला वर्ग की फाइनल मैच का आनंद भी उठाया।




समापन समारोह की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने की। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्री धरमलाल कौशिक, विधायक श्री शैलेश पाण्डेय, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति डी.एन.बाजपेई, रमन विश्वविद्यालय के कुलपति आरपी दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके ने राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देने के लिए नवभारत समाचार पत्र समूह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग के अंतर्गत देश भर से आये 16 टीमें और महिला वर्ग में 12 टीमों ने हिस्सा लिया।

यह प्रतियोगिता 1 मार्च से शुरू होकर आज इसका समापन हुआ। सुश्री उइके ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन अथवा खेल में हार-जीत अथवा सफलता एवं असफलता मायने नहीं रखती । महत्वपूर्ण यह है कि हम असफलता को किस रूप में लेते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में तरक्की के लिए हमें असफलता को चुनौती के रूप में लेना चाहिए। एक अथवा दो बार की असफलता से हमें निराश नहीं होने चाहिए। हमें तब तक डटे रहने चाहिए, जब तक सफलता हाथ न लगे। जीवन का यही सत्य है और लाखों सफल लोगों ने इसे सिद्ध भी किया है। उन्होंने जीवन में खेल की महत्ता भी समझाई।

इससे शरीर स्वस्थ एवं नीरोग रहने के साथ ही जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया एवं अनुशासन का विकास होता है। राष्ट्रीयता की भावना एवं नेतृत्व का विकास भी जीवन में खेलों से पनपता है। राज्यपाल ने प्रतियोगिता के दौरान हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया। उन्होंने कहा कि अपने खेल प्रतिभा से उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। बड़ी संख्या में हॉकी खेल में महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य में खेलों के विकास के लिए बुनियादी सुविधाएं बढ़ी हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि खेल में हार-जीत से ज्यादा खेल-भावना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की प्रशंसा की। विधायक श्री शैलेश पाण्डेय ने कहा कि बिलासपुर शहर में खेलों के प्रति अच्छा वातावरण बना है। जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सफलता पूर्वक आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई के लिए बिलासपुर आने पर राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर, जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सूचना सह छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुँच रही योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जनसंपर्क विभाग के सूचना शिविर एवं छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाई जा रही है। आज इस शिविर का आयोजन अभनपुर विकासखण्ड के गाँव सकरी में हुआ।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने रुचि से छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सूचना शिविर के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

शिविर में प्रचार सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनता के हित में अनेक निर्णय लिये हैं।इसका लाभ प्रदेश के सभी वर्गों के नागरिकों को मिल रहा है। शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। हाट बाजार में आए ग्रामीण भुनेश्वर साहू, संतराम साहू, परमेश्वर साहू, सुगंध साहू, प्यारेलाल साई, टिकेश्वर ने कहा कि राजीव गाँधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने कहा कि गोधन योजना के माध्यम से भी पशुपालकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। नारायण प्रसाद, मेघनाथ, घनश्याम साहू, विनोद कुमार, प्रेमलाल, यशवंत कुमार ने बताया कि सरकार के गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिली है। ग्राम सकरी की सरपंच श्रीमती पुष्पा देवी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की बेहतरी के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की हैं। शिविर में उपसरपंच धर्मेंद्र साहू,पंचगण श्रीमती रामेश्वरी साहू, संतोष साहू, श्रीमती पद्मावती मंजू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XIth XIIth B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष 13 से 15 मार्च तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार के कार्यवाहक अध्यक्ष कुमारी सैयद शहजादी 13 मार्च से 15 मार्च तक छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी। दौरा कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च को शाम 6 बजे नई दिल्ली विमानतल से रायपुर के लिए रवाना होंगी तथा रायपुर पहुंचकर राज्य अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगी। उनके द्वारा 14 मार्च को सुबह 11 बजे अल्पसंख्यक कल्याण पर प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम, केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार की अल्पसंख्यकों के कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरिक्षक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रधान सचिव सहित राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे तथा शाम 5 बजे अल्पसंख्यक समुदाय के प्रमुख आध्यात्मिक नेताओं साथ चर्चा करेंगी। 15 मार्च को छत्तीसगढ़ में अल्पसंख्यकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके से चर्चा करेंगी। शाम 5 बजे राज्य अतिथि गृह, रायपुर में मिडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगी और रात्रि 8:20 बजे रायपुर विमानतल से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### व्यवहार बदले तो सोच बदलेगी, खुश होने से बढ़ेगा आत्मबलः बीएन राव

**रायपुर।** अगर आप किसी भी कठिन परिस्थिति में है तो इससे उबरने के लिए आपको अपने व्यवहार (एटीट्यूड) को बदलना होगा। इससे आपके जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। अपने व्यवहार के बदलाव से खुशी प्राप्त करेंगे और इससे आपका आत्मबल भी बढ़ जाएगा। यह कहना है मोटीवेशनल स्पीकर इंजीनियर बीएन राव का। इंजीनियर बीएन राव ने कहा कि पूरे दुनिया में सभी को तनाव होता है। एक छोटा सा आदमी से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक को तनाव रहता है। जिस दिन आप सकारात्मक सोच रहेंगे तो आपका दिमाग बढ़ेगा और इससे आपको खुशी मिलेगी। एक पागल व्यक्ति को छोड़कर हर किसी को तनाव होता है। यदि आप खुश रहेंगे तो आपका आत्मबल बढ़ जाएगा। पूरे दुनिया में तनाव एक ऐसी समस्या है जो व्यक्ति के शरीर और मन को बुरी तरह से प्रभावित करता है। आपके घर या बाहर जो माहौल होता है उसकी ऊर्जा का व्यक्ति पर असर होता है। जो व्यक्ति तनाव में रहता है उसे जिंदगी में सिर्फ निराशा ही नज़र आती है। ऐसे में घर पर सकारात्मक माहौल बनाकर आप खुद चाहें तो इस तरह तनाव को कम कर सकते हैं। जिंदगी में सकारात्मक विचार की एहमियत होती है। खुशी पाने के लिए आपको कुछ काम करने होंगे। सुबह उठकर आप योग करें। दूसरी आप दूसरों की तारीफ करें। यदि आपके घर में कोई महिला रोज खाना बनाती हैं तो उनकी तारीफ करें। तीसरी बात है कि आप दूसरों की मदद करें और आप छोटे से बच्चों को गले लगाकर जो खुशी महसूस करेंगे उससे आपकी एनर्जी बढ़ेगी।

### शत प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित किया जा सकेगा मॉल, जिम, सिनेमाघर, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी और स्विमिंग पूल

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार ने पूर्व में कलेक्टर कार्यालय के जारी आदेश में संशोधन करते हुए यह आदेश जारी किया है कि रायपुर जिला अंतर्गत सभी मॉल, जिम, सिनेमाघर, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, स्विमिंग पूल एवं अन्य आयोजन स्थलों को आगामी आदेश तक शत-प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित किया जा सकेगा।

### अवकाश के दिनों में भी होगा रजिस्ट्री कार्य

**रायपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अंतिम माह पूर्ण होने में मात्र कुछ ही दिवस शेष है। अतः 12 मार्च (दिन शनिवार) 13 मार्च (दिन रविवार), 26 मार्च (दिन शनिवार), 27 मार्च (दिन रविवार) एवं 28 मार्च (दिन सोमवार भक्त माता कर्मा जयंती) को रजिस्ट्री/पंजीयन का कार्य होगा। इस हेतु उन्होंने जनसुविधा एवं शासकीय राजस्व संग्रहण की दृष्टि से उक्त अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोलकर नियमित पंजीयन का कार्य किए जाने हेतु जिले के सभी उप पंजीयक को निर्देश दिए हैं, ताकि शासकीय राजस्व प्रभावित न हो।

# गांव-गांव में आर्थिक स्वावलंबन को देंगे बढ़ावाः मुख्यमंत्री बघेल

### शहरों में मिलेंगे अब गांवों के उत्पाद, मांग के अनुसार होगा उत्पादन

### मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेला का उद्घाटन किया। इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की 132 संस्थाएं कृषि तकनीक एवं उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुरखों के बताए रास्ते पर चलने से कांटे नहीं चुभते हैं, प्रदेश के खनिज भंडार व प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाली राशि का सही वितरण ही पुरखों का सपना था जो वर्तमान में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी किसी भी वर्ग से भेदभाव नहीं किया और छोटे, बड़े सभी किसानों का कर्ज माफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने खेती किसानी और किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की ताकि प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशील रहे।

छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में किसानों के खाते में 91 हजार करोड़ रूपए जमा हुए हैं और ये कुल बजट का एक तिहाई हिस्सा है जो किसानों को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों के खाते में पैसे बच रहे हैं और इसी की वजह से गौठान औद्योगिक पार्क में विकसित होते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के बेटे, स्थानीय युवा अब छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाएंगे और सरकार उन्हें आर्थिक मदद भी प्रदान करेगी, इसी का एक उदाहरण है कि सी-मार्ट के जरिए गांवों में बनने वाले उत्पाद अब शहरों में बिकने शुरू हो गए हैं जिसे देखते हुए प्रत्येक जिले में सी-मार्ट खोलने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मांग के सिद्धांत को समझते हुए हमें जरूरत के अनुसार उत्पादन करना सीखना होगा ताकि अर्थव्यवस्था में मांग बनी रहे। इसी को देखते हुए देश में केवल छत्तीसगढ़ में तीन हजार रूपए समर्थन मूल्य की दर से कोदो-कुटकी की खरीदा की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 8 हजार से ज्यादा गौठान बन चुके हैं, लेकिन कहीं भी जमीन अतिक्रमण को लेकर कानून व्यवस्था नियंत्रित करने की स्थिति नहीं बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी गांव में पले-बढ़े हैं और हम गांव वालों की तकलीफसमझते हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सुराजी ग्राम योजना के माध्यम से गांवों में स्वावलम्बन हो रहा है और किसान समृद्ध हो रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले में किसानो को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ मुख्य रूप से कृषि पर आधारित प्रदेश है और छत्तीसगढ़ में कृषि का लगातार विकास हो रहा है जिसका असर खेत और खलिहान कर दिख रहा है। श्री चौबे ने छत्तीसगढ़ में श्री का लगातार विस्तार होने और श्री में नवाचार के लिए श्री विश्वविद्यालय के प्रयासों की तारीफ की। श्री चौबे ने किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने और किसानो का कर्ज माफ करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। श्री चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान हर सेक्टर में मेहनत कर रहे हैं और उन्हें केंद्र सरकार से अच्छा इंफ्रास्टक्चर मिलना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ के उत्पादों की मांग अब विदेशों में भी हो रही है।

अंतर्राष्ट्रीय श्री प्रदर्शनी एवं किसान मेला के उद्घाटन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं श्री विकास निगम के अध्यक्ष अग्नि चन्द्राकर, उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कृषि निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. आरके बाजपेयी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गोबर से बने सूटकेस में बजट पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बातः सीएम

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की जनता से वायदा किया था और वो इससे पीछे नहीं हटे, कोरोना के दौरान अर्थव्यवस्था में गिरावट होने के बाद भी किसानों को चार किस्तें जारी की और इस वित्तीय वर्ष की भी चौथी किस्त जारी होने वाली है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मजदूरों के लिए भी न्याय योजना शुरू की गयी है और अब उन्हें प्रतिवर्ष 6 हजार की जगह 7 हजार रूपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों का निर्माण करना सरकार की योजना नहीं है बल्कि किसानों और ग्रामीणों की योजना है जिसे हम सभी मिलकर तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम जितना सोच रहे हैं हमारे किसान साथी, महिलाएं, युवा और वैज्ञानिक उससे चार कदम आगे चल रहे हैं। गोधन न्याय योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के किसी भी मंत्री ने आज तक गोबर से बने सूटकेस का इस्तेमाल बजट पेश करने के लिए नहीं किया, लेकिन छत्तीसगढ़ के गौठान में गोबर से निर्मित सूटकेट का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में हुआ और मुझे ये सौभाग्य मिला।

## कोविड-19 संक्रमण में योग आयोग की भूमिका विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित



**रायपुर।** कोविड-19 संक्रमण में योग की भूमिका विषय पर नगर निगम सभागार रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में योग के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर भी योग से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़ सकें। योग से जीवन में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा हम एक अनुशासित जीवन शैली अपना पाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि उचित तरीके से और कुशल प्रशिक्षक के मार्गदर्शन से योग करने से हमें ज्यादा फायदा मिलेगा। योग की कोविड-19 के दौरान बहुत बड़ी भूमिका रही है।

राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने प्राचीन यौगिक पद्धति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हमारा छठी इंद्री और तीसरा नेत्र काम करने लग जाता है। योग का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि हमें नियमित रूप से कम से कम एक घंटा रोजाना योग अथवा शारीरिक अभ्यास करना चाहिए। इससे हमारी आंतरिक शक्ति मजबूत होती है और शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। जिससे हम ज्यादा क्रियाशील हो पाते हैं। सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि आज के इस अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में कई देश के लोग जुड़े हैं जिसमें छत्तीसगढ़ के नाम की गूंज कई देशों में फैल रही है। योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि हमें अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोरोना महामारी में रक्षा कवच के रूप में योग ने हम सब का ध्यान आकृष्ट किया है।

मुख्य अतिथि भेड़िया ने एक घंटे तक शीर्षासन करने वाले टिकेश्वर पटेल को स्मृति चिन्ह एवं पदक भेंट किया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने योग के विषय में अपना व्याख्यान दिए। इस अवसर पर योग आयोग के सदस्य गणेश नाथ योगी, राजेश नारा, रविंद्र सिंह, समाज कल्याण विभाग के प्रभारी संचालक पंकज वर्मा, योग आयोग के सचिव एम एल पांडे, अखिलेश्वर तिवारी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'चिरायु' योजना में इस साल अब तक 7440 बच्चों का इलाज

### योजना के तहत शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों में 44 तरह की बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'चिरायु' योजना में चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अब तक राज्य में 7440 बच्चों का इलाज किया गया है। 'चिरायु' योजना के तहत शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच कर जरुरतमंद बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। बाल स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रदेश भर में 328 'चिरायु' दल कार्यरत हैं। ये प्रदेश भर के स्कूलों और आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उनकी शारीरिक कमियों व रोगों की पहचान कर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करते हैं।

प्रदेश में वर्ष 2014 से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित है। इसका उद्देश्य शून्य से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में 4-डी यानि डिफेक्ट एट बर्थ, डिसीज, डिफिसिएन्सी एंड डेवलपमेन्ट डिलेस इनक्लुडिंग डिसएबिलिटी की जांच कर शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है। इसके तहत बच्चों में 44 प्रकार की बीमारियों की पहचान व जांच कर उपचार किया जाता है। जरुरत पड़ने पर उच्च संस्थाओं में रिफर भी किया जाता है। प्रदेश में यह कार्यक्रम 'चिरायु' नाम से लोकप्रिय है।

'चिरायु' कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 6 सप्ताह की आयु के नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण डिलीवरी प्वाइंट के स्टॉफद्वारा, 6 सप्ताह से 6 वर्ष की आयु के बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्रों में और 6 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के बच्चों का शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में 'चिरायु' दलों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जरुरत पड़ने पर उच्चस्तरीय जांच व उपचार के लिए बड़े अस्पतालों में रिफर भी किया जाता है।

### 'चिरायु' में 44 तरह की बीमारियों का निःशुल्क उपचार

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. वीआर भगत ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में दो-दो 'चिरायु' दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक दल में दो आयुष चिकित्सक (एक महिला व एक पुरूष), एक फार्मासिस्ट, एक लैब टेक्नीशियन और एक एएनएम शामिल हैं। अभी प्रदेश भर में 328 'चिरायु' दल कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 44 प्रकार की बीमारियों को चार समूह में बांटा गया है। समूह ए में ऐसी बीमारियों को शामिल किया गया है जिनके उपचार के लिए अति विशिष्ट या विशेषज्ञ सेवाओं की आवश्यकता होती है। समूह बी में ऐसी बीमारियां शामिल हैं जिनका उपचार जिला चिकित्सालय या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा सकता है।

## नवा रायपुर में हुई किसान की मौत की होगी जांच, 14 मार्च को मुख्य सचिव से मिलेंगे किसान

**रायपुर।** नवा रायपुर में एनआरडीए भवन के पास आंदोलनरत किसान सियाराम पटेल की मौत की दंडाधिकारी जांच की जाएगी। शनिवार को कलेक्टर सौरभ कुमार ने दंडाधिकारी जांच के आदेश जारी किए। इसके लिए अपर कलेक्टर एनआर साहू को जांच अधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि 11 मार्च को ग्राम बड़ौदा निवासी सियाराम पटेल की नवा रायपुर में एनआरडीए के पास किसान आंदोलन में शामिल थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। अब जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार मृतक किसान की मौत की दंडाधिकारी जांच की जाएगी। नवा रायपुर में किसान की मौत के मामले में सोमवार 14 मार्च को किसान समिति मुख्य सचिव से मुलाकात करेंगे। बता दें कि रविवार को किसानों ने भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। किसान कल्याण समिति अपनी मांगों को लेकर और उग्र हो गए। वे आप सभी मांगों को लेकर जब तक शासन पूरा नहीं करेंगे आंदोलन जारी रखेंगे। बताया जा रहा है कि किसान की मौत की जांच इन बिंदुओं पर की जाएगी। मौत के कारण, मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर

| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |

मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर



### ऋतिक रोशन क्रिश 4 की शूटिंग अगले साल करेंगे

ऋतिक रोशन क्रिश सीरीज की शूटिंग अगले साल से शुरू करेंगे। उनके पिता और डायरेक्टर राकेश रोशन ने फिल्म की कहानी पर काम शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म पर काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही फिल्म की कास्टिंग और लोकेशन भी इस साल के जून तक फाइनल कर दिया जाएगा। फिलहाल ऋतिक विक्रम वेधा की शूटिंग में व्यस्त हैं।

### पुलकित सम्राट स्टारर फुकरे 3 शूटिंग हुई शुरू, एक्टर ने शेयर की फोटो

पुलकित सम्राट स्टारर 'फुकरे 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। इस बात की जानकारी खुद एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा की 'फुकरे 3' आपकी सेवा में। इस फिल्म को मृगदीप सिंह लांबा डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें पुलकित के अलावा ऋचा चड्ढा, पकंज त्रिपाठी, वरुण शर्मा नजर आएंगे।

### अजय देवगन की 'रनवे 34' 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी

अजय देवगन स्टारर रनवे 34 की नई रिलीज डेट आज अनाउंस की गई है। यह फिल्म 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है। इस फिल्म में अजय के अलावा अमिताभ बच्चन नजर आएंगे।

### आलिया भट्ट की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' रिलीज के 8 हफ्ते बाद ओटीटी पर होगी प्रीमियर

आलिया भट्ट स्टारर गंगूबाई काठियावाड़ी अपने रिलीज के 8 हफ्ते बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। मेकर्स ने यह फैसला इसलिए लिया है ताकि फिल्म के बिजनेस पर कोई असर न पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गंगूबाई ने अबतक करीब 150 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है।

### प्रभास स्टारर 'राधे श्याम' और अनुपम खेर की 'द कश्मीर फाइल्स' हुई लीक

प्रभास और पूजा हेगड़े स्टारर राधे श्याम रिलीज के अगले दिन ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लीक हो गई है। इसके साथ ही अनुपम खेर स्टारर द कश्मीर फाइल्स भी पायरेसी का शिकार हो गई है। दोनों ही फिल्में 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार द कश्मीर फाइल्स ने 3.55 करोड़ का रुपए का ओपनिंग डे कलेक्शन किया है। वहीं राधे श्याम ने हिंदी बेल्ट में 4.5 करोड़ का ओपनिंग बिजनेस किया है।

### बधाई दो के साथ राजकुमार ने एक और दमदार साल की शुरुआत की

पिछले साल सभी के दिलों पर राज करने के बाद, बॉलीवुड के स्टार कलाकार राजकुमार राव कुछ सार्थक मनोरंजन के साथ वापस आ गए हैं. 2021 में उनकी रिलीज, रूही, इस बात का एक प्रमुख उदाहरण था कि कैसे एक महामारी के बावजूद, राजकुमार राव का प्रदर्शन दर्शकों के साथ एक निश्चित शॉट हिट था. अभिनेता ने 'लूडो' और 'द व्हाइट टाइगर' के साथ अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखा. ये कहना सुरक्षित है कि प्रशंसक हमेशा उनके अगले प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और निर्माता कई प्रोजेक्ट्स में उन पर अपना पैसा लगा रहे हैं और वो भी अच्छी वजहों से. सुपरस्टार की हालिया रिलीज फिल्म 'बधाई दो' पर प्रतिक्रिया कुछ भी हो, फिल्म को हिट घोषित कर दिया गया है.

# द कश्मीर फाइल्स के कलेक्शन में दूसरे दिन सौ फीसदी का इजाफा, विवेक ने बनाया धमाकेदार रिकॉर्ड

कोरोना महामारी के बाद अब थिएटर्स पूरी तरह खुल चुके हैं। वर्तमान समय में सिनेमाघरों में चार फिल्में दर्शकों का मनोरंजन कर रहीं हैं। अगर ' द कश्मीर फाइल्स' एक यथार्थवादी कहानी है, तो 'राधे श्याम' काल्पनिक है। अगर 'गंगूबाई काठियावाड़ी' एक असली सुपर-वुमन के बारे में है, तो 'द बैटमैन' एक फिक्शन सुपरहीरो के बारे में है। नतीजतन, दर्शकों के पास सिनेमाघरों में फिल्म देखने के लिए बहुत सारे विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि चारों फिल्मों में से जिस फिल्म ने एकाएक सबका ध्यान अपनी ओर खींचा लिया है, वह है 'द कश्मीर फाइल्स'। यह अनुमान लगाया जा रहा था कि फिल्म पहले दिन 1.50-2 करोड़ रुपये की कमाई करेगी। लेकिन, फिल्म ने हैरान कर दिया, और पहले ही दिन 4.55 करोड़ रुपये की कमाई की।


यदि 'द कश्मीर फाइल्स' के दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें,




तो फिल्म के कलेक्शन में सौ फीसदी का इजाफा हुआ है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाते हुए दूसरे दिन 7 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। यानी फिल्म ने पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन दोगुना कमाई की है, जो हिंदी सिनेमा के इतिहास में पहली बार हुआ है। यानी बंपर कमाई के साथ विवेक की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार रिकॉर्ड भी बना लिया है।

अग्निहोत्री और सौरभ एम पांडे द्वारा सह-लिखित, यह फिल्म कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा पर आधारित है, जिन्हें घाटी में उग्रवाद के शुरुआती दिनों में कश्मीर से भगा दिया गया था। इससे पहले, अग्निहोत्री ने राजनीतिक रूप से आरोपित विषयों पर दो फिल्में - 'द ताशकंद फाइल्स' और 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जाम' बनाई हैं। उन्हें चॉकलेट, धन धना धन, लक्ष्य और हेट स्टोरी जैसी फिल्मों के लिए भी जाना जाता है।

# थिएटर के बाद टीवी पर भी होगा 'पुष्पा' और '83' का मुकाबला



अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा: द राइज' का खुमार अभी भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। थिएटर पर रिकॉर्ड कमाई करने के बाद पुष्पा को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज किया गया था और इन दोनों जगहों पर मिली सफलता को भुनाने में मेकर्स अब भी कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। सिनेमाघरों और ओटीटी पर धूम मचाने के बाद फिल्म 'पुष्पा' टीवी पर भी आने को तैयार है। सबसे दिलचस्प बात ये है कि निर्देशक कबीर सिंह और रणवीर सिंह स्टारर वर्ल्ड कप पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 को भी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा और दोनों फिल्में एक बार फिर से आमने-सामने होंगी।

### बॉक्स ऑफिस पर भी आमने-सामने थीं दोनों फिल्में

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा: द राइज पार्ट-1' को 17 दिसंबर को रिलीज किया गया था और इसके बाद एक हफ्ते बाद 24 दिसंबर को बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म 83 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दोनों फिल्मों में कठिन मुकाबला था, लेकिन जहां पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस ताबड़तोड़ कमाई की तो वहीं अपने बड़े बजट के हिसाब से फिल्म 83 उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

### इस दिन होगा 83 और पुष्पा का टीवी प्रीमियर

पुष्पा: द राइज पार्ट-1 का टेलीविजन प्रीमियर रविवार 20 मार्च को किया जाएगा। इस एक्शन थ्रिलर का प्रसारण ढिंचैक टीवी पर रात आठ बजे होगा। तो वहीं उसी दिन रणवीर सिंह की फिल्म '83' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर भी होगा। कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 83 दर्शकों के लिए स्टार गोल्ड पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म को भी रात 8 बजे ही प्रसारित किया जाएगा।

### दर्शकों को है पुष्पा पार्ट 2 का बेसब्री से इंतजार

फिल्म 'पुष्पा' दो भागों में बनाने की घोषणा की गई थी। पहले भाग 'पुष्पा: द राइज' में अल्लू अर्जुन का धमाकेदार एक्शन देखने के बाद फैंस अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेकर्स ने पुष्पा पार्ट 2 को लेकर भी तैयारियां शुरु कर दी हैं।

# सोनम कपूर के ससुर से 27 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, इस मामले में 4 राज्यों से 9 आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद पुलिस ने एक्ट्रेस सोनम कपूर के ससुर हरीश आहूजा से ठगी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार कर लिया है। इस सिलसिले में पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह के 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक से इन अपराधियों की गिरफ्तारी की है। जानकारी के अनुसार, सोनम कपूर के ससुर की फर्म से 27 करोड़ 61 लाख रुपए की ठगी की गई है।

### पुलिस ने किया खुलासा

फरीदाबाद पुलिस उपायुक्त नीतीश अग्रवाल ने बताया कि साइबर ठगों ने हरीश अहूजा बनकर कंपनी बनाई थी और फर्जी सिग्नेचर के जरीए करोड़ो रुपए ट्रांसफर किए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने 9 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। फरीदाबाद पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरु की थी। पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों में दिल्ली निवासी मनोज एवं मनीष को 10 दिसंबर और प्रवीण कुमार और मनीष कुमार को 16 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कर्नाटक के रायचूर जिले के इरगेरा गांव के गणेश परशुराम को 23 दिसंबर और मुंबई साहिन जोगलेकरवाडी के भूषण किशन, महाराष्ट्र के रायगढ के राहुल रघुनाथ को 29 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया।

### 27.61 करोड़ रुपए का हुआ ट्रांसफर

पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, महाराष्ट्र के पुणे जिले के गांव मुकाम पोस्ट के संतोष सीताराम जोत, तमिलनाडु के चेन्नई सुरेश कुमार को 29 दिसंबर गिरफ्तार किया गया। जबकि, नई दिल्ली के न्यू राजेन्द्र नगर के रहने वाले ललित को 23 दिसंबर गिरफ्तार किया है। ACP ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मनोज शाही कंपनी की फर्जी डीएससी बनवाकर कंपनी के पैसे का अंतरण करता था। जांच में पाया गया कि उसकी आईडी से शाही कंपनी के 27.61 करोड़ रुपए का लाइसेंस ट्रांसफर किया गया। वहीं आरोपी प्रवीण कुमार वारदात में प्रयोग दस्तावेजों और संसाधनों को उपलब्ध कराने का काम करता था। गौरतलब है कि सोनम कपूर की शादी 8 अप्रैल 2018 को अपने बॉयफ्रेंड आनंद आहूजा के साथ हुई थी।

# 'अंधाधुन' से भी कम बजट में श्रीराम राघवन बना रहे 'मेरी क्रिसमस', फिल्मिस्तान स्टूडियो में हो रही शूटिंग

कोविड कालखंड में बड़े सितारों के साथ मेगाबजट फिल्में बनाने का चलन जोरों पर रहा है। हालांकि कटरीना कैफ ने ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। यही वजह है, कि एक ओर जहां उनकी झोली में 'टाइगर 3' और 'जी ले जरा' जैसी बड़े बजट की फिल्में हैं तो वहीं वे निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ 'मेरी क्रिसमस' जैसी डीसेंट बजट की फिल्म भी कर रही हैं। इस फिल्म से जुड़े सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

उनका कहना है कि इसका बजट श्रीराम राघवन की चार साल पहले आई 'अंधाधुन' से कम रखने की कोशिश की जा रही है। उसका बजट 27 करोड़ था। 'मेरी क्रिसमस' का उससे कम रखा जाएगा। हालांकि इस प्रोजेक्ट को रमेश तौरानी और संजय राउत्रे दो प्रोड्यूसर मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### फिल्मिस्तान स्टूडियो में शूट कर कर रहे कटरीना और विजय

फिल्म से जुड़े एक उच्च अधिकारी ने बताया, 'यह मिथक है कि कोविड कालखंड के बाद सिनेमाघरों में सिर्फ बड़े बजट की फिल्में ही ऑडियंस को अट्रैक्ट करेंगी। 'मेरी क्रिसमस' में कटरीना कैफ और साउथ के बड़े



स्टारविजय सेतुपति हैं। इसके बावजूद फिल्म की स्टोरी ऐसी है, जिसके लिए बड़े लैविश सेट बनाने की जरूरत नहीं। तकनीकी तौर पर देखा जाए तो यह श्रीराम राघवन की 'अंधाधुन' से भी कम बजट में बनाई जा रही है। 'मेरी क्रिसमस' कटरीना के 19 साल लंबे कॅरिअर की पहली मर्डर मिस्ट्री फिल्म होगी। इसकी शूटिंग फरवरी के अंतिम हफ्ते में शुरू हो गई थी। शुरूआत में इसकी शूटिंग मुंबई के टाउन साइड के लाइव लोकेशनों पर की गई थी। इन दिनों मुंबई के फिल्मिस्तान स्टूडियो में कटरीना और विजय सेतुपति शूट कर रहे हैं।

### डे शिफ्ट में ही नाइट के सीक्वेंस भी हो रहें शूट

फिल्म का शूटिंग शेड्यूल मेकर्स ने दिन का ही रखा है। डे शिफ्ट में ही नाइट के सीक्वेंस शूट हो रहे हैं, जो सीन लाइव लोकेशंस पर शूट हुए भी, वह मुंबई के टाउन साइड पर आम लैंडमार्क पर हुए। कोई हिस्टोरिकल और स्मारकीय वैल्यू की इमारतों के आसपास नहीं किए गए। ताकि अब, जब स्टूडियोज में शूटिंग हो रही तो वैसी इमारतों या लोकेशसं को क्रिएट करने की जरूरत न पड़े। इसके चलते अलग अलग सीन की कंटीन्यूटी ब्रेक नहीं हो रही। फिल्म क्रिसमस से पहले थिएटरों में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म के लिए कटरीना को रमेश तौरानी ही बोर्ड पर लेकर आए थे। इससे पहले उनके लिए कैट उनके साथ 'रेस' फ्रेंचाइजी की फिल्म कर चुकी हैं।

### मुंबई के माटुंगा से दिखाया जाएगा विजय सेतुपति का किरदार

फिल्म में विजय सेतुपति का बैकग्राउंड मुंबई के माटुंगा में रहने वाले युवक का है। माटुंगा पर ही फोकस इसलिए रखा गया,क्योंकि रियल लाइफमें भी माटुंगा इलाका साउथ इंडिया से आए लोगों का गढ़ माना जाता है। अब इसमें खूनी और उसे पकड़ने वालों में कटरीना हैं या विजय, उस पर मेकर्स ने खासी गोपनीयता बनाई हुई है। फिल्म भले मर्डर मिस्ट्री जोनर की है, पर इसे म्यूजिकल भी रखा जाएगा। इसके लिए 'एजेंट विनोद' के बाद एक बार फिर संगीतकार प्रीतम बोर्ड पर आए हैं। गीतकारी की जिम्मेदारी वरुण ग्रोवर को दी गई है।

# साड़ी पहन इठलाती नजर आई जैकलीन फर्नांडिस, देसी अंदाज में लूटा फैंस का दिल

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस बीते कई समय से सुर्खियों में बनी हुई हैं। सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर लगातार चर्चाओं में रहने वाली जैकलीन अब अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म बच्चन पांडे में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री कृति सेनन भी दिखाई देंगे। फिल्म रिलीज होने से पहले इसकी स्टार कास्ट लगातार फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस फिल्म के प्रमोशन के दौरान कुछ समय अपने लिए भी निकालती नजर आईं। एक्टिंग के अलावा अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है।



आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें, वीडियोज और फिल्म से जुड़ी अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसी क्रम में जैकलीन ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के इंटरनेट पर सामने आते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वही तस्वीरों में अभिनेत्री का लुक फैंस का दिल जीत रहा है। शेयर की गईं इन तस्वीरों में जैकलीन पारंपरिक अंदाज में फैंस का दिल लुटती नजर आ रही हैं। सामने आईं इन तस्वीरों में एक्ट्रेस साड़ी पहनी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का यह देसी अंदाज फैंस के मन को भा रहा है। अक्सर अपने वेस्टर्न लुक से लोगों को दीवाना बनाने वाली जैकलीन का ट्रेडिशनल लुक उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

तस्वीरों में साड़ी पहनी जैकलीन लाइट मेकअप के साथ एक पोनीटेल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा कानों में मैचिंग के इयररिंग्स उनके इस लुक में चार चांद लगा रहे हैं। लाल और सफेद रंग की इस साड़ी में अभिनेत्री काफी ग्लैमरस लग रहा हैं। शेयर की गई इन तस्वीरों में वह अलग-अलग पोज में फोटो क्लिक करवाती दिखाई दीं। जैकलीन की इन तस्वीरों को अब तक 5 लाख से ज्याद लोग लाइक कर चुके हैं।

बच्चन पांडे की बात करें तो फिल्म 18 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इसमें अक्षय कुमार एक गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे हैं, जो अभिनेता बनना चाहता है। जबकि अभिनेत्री कृति सेनन एक पत्रकार के किरदार में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, पंकज त्रिपाठी, संजय मिश्रा, अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।












## खास खबर

### महामाया मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण के साथ कराया जाएगा पिचिंग कार्य

**महासमुंद।** ग्राम अछोला के महामाया मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण के साथ ही पिचिंग कार्य कराया जाएगा। संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। आज शनिवार को मंदिर समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने मुलाकात कर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। ग्राम अछोला में महामाया मंदिर तक सीसी रोड व यहॉ पिचिंग के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके इस साल के बजट में इसके लिए प्रावधान किया गया। इस बहुप्रतीक्षित मांग को बजट में शामिल किए जाने पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणो में हर्ष व्याप्त है। आज शनिवार को संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की और प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का अभिनंदन किया। उपसरपंच योगेश कुमार यादव, विश्वनाथ धीवर, नानकचंद सिंह ठाकुर, आशीषधर दीवान, किशन चंद्राकर, चेतनलाल साहू, सुदामा साहू आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### कुदरगढ़ मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**सूरजपुर।** मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला व्यवस्था की तैयारी के संबंध में अध्यक्ष लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ एवं कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ राहुल देव के द्वारा आज समुदायिक भवन कुदरगढ़ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक भटगांव क्षेत्र पारसनाथ राजवाडें, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, एस.डी.एम. भैयाथान, महिला विकास अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस विभाग के एसडीओपी, ट्रस्ट के अध्यक्ष, सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान माथे पर तिलक लगाकर एवं देवी माँ की पट्टी पहनाकर किया गया। बैठक में आगामी चैत्र नवरात्र में मेला संचालन के हेतु बैठक का एजेण्डा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया जिस पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए बिन्दुवार चर्चा करते हुए क्रियान्वयन के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला में श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी व समन्वय के साथ मेले की तैयारी व्यवस्थित तरीके से करने पर जोर दिया।

# पीएम ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भवन राष्ट्र को किया समर्पित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अहमदाबाद में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का एक भवन राष्ट्र को समर्पित किया और अपना पहला दीक्षांत भाषण दिया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल उपस्थित थे।**







शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी और दांडी मार्च में भाग लेने वालों को श्रद्धांजलि दी। इस दिन महान मार्च की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा, अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ गांधी जी के नेतृत्व में जो आंदोलन चला, उसने अंग्रेजी हुकूमत को हम भारतीयों के सामूहिक सामर्थ्य का एहसास करा दिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक काल के दौरान आंतरिक सुरक्षा की धारणा औपनिवेशिक शासकों के लिए शांति बनाए रखने के लिए जनता में भय पैदा करने पर आधारित थी। इसी तरह, पहले का परिदृश्य बहुत अलग था क्योंकि सुरक्षा बलों के पास तैयारी के लिए अधिक समय था जो अब नहीं है क्योंकि प्रौद्योगिकी तथा परिवहन एवं संचार में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की पुलिसिंग के लिए बातचीत और अन्य सॉफ्ट स्किल्स जैसे कौशल की आवश्यकता होती है जो लोकतांत्रिक परिदृश्य में कार्य करने के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की छवि बदलने की जरूरत पर बल दिया। लोकप्रिय संस्कृति में भी पुलिस का चित्रण इस संबंध में मददगार नहीं है। उन्होंने महामारी के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए मानवीय कार्यों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के बाद, देश के सुरक्षा तंत्र में सुधार की आवश्यकता थी। एक धारणा विकसित की गई थी कि हमें वर्दीधारी कर्मियों से सावधान रहना होगा। लेकिन अब यह बदल गया है। जब लोग अब वर्दीधारी कर्मियों को देखते हैं, तो उन्हें मदद का आश्वासन मिलता है। प्रधानमंत्री ने पुलिस कर्मियों के लिए नौकरी के तनाव से निपटने में संयुक्त परिवार के घटते समर्थन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बलों में योग विशेषज्ञों सहित तनाव से निपटने के लिए विशेषज्ञों और विश्राम की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए तनाव मुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुरक्षा और पुलिसिंग कार्य में प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उन्हें भी पकड़ने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी पर जोर देने से दिव्यांग लोग भी इस क्षेत्र में योगदान करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि गांधीनगर क्षेत्र में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रक्षा विश्वविद्यालय और फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय हैं। उन्होंने इन संबंधित क्षेत्रों में समग्र शिक्षा कायम करने को लेकर नियमित संयुक्त संगोष्ठियों के माध्यम से इन संस्थानों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, इसे पुलिस यूनिवर्सिटी मानने की गलती कभी न करें। यह एक रक्षा विश्वविद्यालय है जो देश की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखता है। उन्होंने भीड़ और भीड़ मनोविज्ञान, वार्ता, पोषण और प्रौद्योगिकी जैसे विषयों के महत्व को दोहराया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे मानवता के मूल्यों को हमेशा अपनी वर्दी के अभिन्न अंग के रूप में रखें और अपने प्रयासों में सेवा भावना की कभी कमी नहीं होने दें।

# प्रदेश सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है : मंत्री मो. अकबर

## मंत्री मोहम्मद अकबर ने सहसपुर लोहारा में मरार पटेल समाज के भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, विधि-विधायी मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा प्रवास के दौरान मरार पटेल समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके लिए विधायक निधि से 25 लाख रूपए मंत्री अकबर द्वारा मंजूर किए गए थे। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि प्रदेश सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है।**



इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, बोडला जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीला धनुक वर्मा, श्री मनहरण श्रीवास, शाकंभरी बोर्ड के सदस्य श्री हरि पटेल, श्री सीताराम पटेल, अशोक पटेल, श्री परदेशी पटेल, श्री रामचरण पटेल, श्री धुष पटेल सहित समाज के सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि पटेल समाज के भवन के निर्माण के लिए मोहम्मद अकबर ने अपने विधायक निधि से 25 लाख रुपए की राशि दी है। श्री अकबर ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भूपेश सरकार ने किसानों की कर्जा माफी, 25 सौ रुपए में प्रति क्विंटल धान खरीदने सहित अन्य वायदे किए थे। प्रदेश में नई सरकार बनी तो किसानों का कर्जा माफ कर दिया गया। 25 सौ रुपए में धान खरीदी की तो भारत सरकार की तरफ से पत्र आ गया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को 25 सौ रुपए की दर से भुगतान किया गया तो उस धान का चावल एफसीआई में जमा नही लिया जाएगा। इसके निराकरण के लिए राज्य सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना बनाई। प्रदेश सरकार ने इस योजना को बनाकर केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अतरिक्त राशि किसानों के खाते में राज्य सरकार ने जमा कराई। प्रति एकड़ 9 हजार रुपए की दर से राशि प्रदान करने पर किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान हो गया। श्री अकबर ने कहा कि इस खरीफवर्ष में 25 हजार करोड़ रुपए में 98 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। अब किसानों से 2540 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 7 हजार रुपए की दर से सहायता राशि प्रदाय कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वायदे के अनुरूप एपीएल और बीपीएल वर्ग के लोगो का राशन कार्ड बनाने का कार्य किया। अब परिवार बढ़ रहा है तो परिवार का विभाजन कर अलग-अलग कार्ड बना रहे है। अभी इस तरह के 8500 नए कार्ड बनाए गए है।

उन्होने ने कहा कि सहसपुर लोहारा क्षेत्र में विकास के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। सड़को के छाल बिछाने से लेकर पुल पुलियो का निर्माण कराया। यहां तक कि सूतियापाट बांध भी उन्होंने बनवाया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उन्होंने कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर 80 प्राथमिक शाला के नवीन भवनों के निर्माण के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत कराई। केबिनेट मंत्री ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार भी व्यक्त किया। श्री अकबर ने पटेल समाज में आई राजनैतिक जागरूकता के लिए इसकी सराहना भी की। उन्होंने कहा कि आज पटेल समाज के कई लोग राज्य सरकार की संस्थाओं में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया वाटर पिच-पायलट-स्केल स्टार्ट-अप चैलेंज का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य (एमओएचयूए) तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंत्रालय के अटल मिशन कायाकल्प और शहरी परिवर्तन (एएमआरयूटी-अमृत) 2.0 के अंतर्गत इंडिया वाटरपिच-पायलट-स्केल स्टार्ट-अप चैलेंज का शुभारंभ किया। 1 अक्टूबर, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमृत 2.0 के औपचारिक शुभारंभ, 5 अक्टूबर, 2021 को लखनऊ में (एमओएचयूए के आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के दौरान) और 12 अक्टूबर, 2021 को मिशन की कैबिनेट की मंजूरी के बाद हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद इसका शुभारंभ हो रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप, स्टार्टअप्स को प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में शामिल करने के लिए प्रौद्योगिकी उप-मिशन को अमृत 2.0 के अंतर्गत मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। मिशन का उद्देश्य नवाचार और डिजाइन के माध्यम से विकसित होने के लिए जल/उपयोग किए गए जल क्षेत्र में स्टार्टअप को सशक्त बनाना है जो सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस पहल के अंतर्गत, मंत्रालय 100 स्टार्ट-अप का चयन करेगा, जिन्हें अनुदान सहायता के साथ-साथ मेंटरशिप के रूप में 20 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

एमओएचयूए ने स्टार्टअप्स, युवा इनोवेटर्स, उद्योग भागीदारों, इन्क्यूबेटर्स और राज्यों/शहरों को अपनी तरह का पहला नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए इंडिया हैबिटेट सेंटर में आज इंडिया वाटर पिच-पायलट-स्केल स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कॉन्क्लेव के दौरान, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने माईगव प्लेटफॉर्म पर स्टार्टअप चैलेंज का शुभारंभ किया था।

इस अवसर पर बोलते हुए, पुरी ने स्टार्ट-अप द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और उन्हें सरकार के पूर्ण और सक्रिय समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप्स देश में काफी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और देश में यूनिकॉर्न की संख्या बड़ी तेज़ी से बढ़ गई है। मंत्री महोदय ने कहा कि सरकार की योजनाओं की सफलता काफी हद तक ईकोसिस्टम में हितधारकों और अन्य लोगों की भूमिका तथा योगदान पर निर्भर करती है। जल क्षेत्र में हितधारकों की प्रतिक्रियाएं सरकारी कार्यक्रम तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वास्तव में इसकी क्या आवश्यकता है। पुरी ने कहा कि अमृत 2.0 एक परिवर्तनकारी और अनूठी योजना है, जिसमें 2.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक का विशाल परिव्यय है। उन्होंने कहा कि यह योजना देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, इसकी परिवहन लागत को कम करेगी, भूजल प्रदूषण को कम करेगी।

# देशभर में लगभग पांच हजार महिलाओं ने कुपोषण पर जागरूकता प्रसार किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( पीआईबी )।** ग्रामीण महिलाओं में उचित पोषण के अभाव, खून की कमी और कम वजन वाले बच्चों के जन्म के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई-आरसेटी) की पांच हजार से अधिक प्रशिक्षुओं ने देशभर में 100 से अधिक रैलियों का आयोजन किया। कुपोषण से आजादी रैलियों का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रतीक-सप्ताह के अंग के रूप में किया गया।

विभिन्न हितधारकों, जैसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, आरसेटी, परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियां, कार्यक्रम लाभार्थियों आदि ग्रामीण महिलाओं के बीच पोषण का महत्त्व उजागर करने के लिये एकजुट हुये। महिला उम्मीदवारों ने गांवों में मार्च निकाला और वे साइकिलें लेकर निकलीं। वे इन रैलियों में सूचनात्मक तख्तियां और पोस्टर लिये हुए थीं।

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) का शुभारंभ 25 सितंबर, 2014 को किया गया था। यह देशव्यापी रोजगारयुक्त कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका वित्तपोषण केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय करता है। डीडीयू-जीकेवाई के तहत ग्रामीण निर्धन युवाओं का रोजगारयुक्त कौशल निर्माण किया जाता है तथा उन्हें अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों में दिहाड़ी रोजगार दिलाया जाता है। यह कार्यक्रम इस तरह तैयार किया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को गारंटी से रोजगार मिल जाये। यह न्यूनतम अनिवार्य प्रमाणीकरण की दिशा में अग्रसर है।

आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) केंद्रीय कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय, राज्य सरकारों और प्रायोजित करने वाले बैंकों के बीच त्रिपक्षीय साझेदारी है। बैंकों को यह अधिकार है कि वे अपने-अपने प्रमुख जिले में कम से कम एक आरसेटी खोलें, ताकि ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सके तथा उन्हें स्वरोजगार/उद्यम चलाने के लिये तैयार किया जा सके। आरसेटी कार्यक्रम अल्पकालीन प्रशिक्षण और उद्यमियों की दीर्घकालीन सहायता के सिद्धांत पर अमल करता है। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये 18-45 आयुवर्ग के ग्रामीण निर्धन युवा पात्र हैं।

# पहले के मुकाबले अब खेती में आय की संभावनाएं बढ़ी, खरीदी हुई व्यवस्थित और भुगतान समय पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि क्षेत्रों में वृद्धि और किसानों के हितों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जिसका लाभ जमीनी स्तर पर दिख रहा है। कृषि महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं विज्ञान मेला में पहुंचे किसान श्री भोगीलाल पटेल, महासमुंद जिले के ग्राम गड़बेड़ा पिथौरा से हैं। जो 15 एकड़ में धान, 2 एकड़ में गेंहू और आधे एकड़ में मक्के की खेती करते हैं।**



किसान श्री भोगीलाल का कहना है कि पहले के मुकाबले अब खेती में आय की संभावनाएं बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। हम अपने खेतों की उपजों का वाजिब दाम प्राप्त कर पा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि को लेकर लिए गए अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय हमारे लिए कारगर साबित हो रहे हैं।

उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर अपनी बात कही जिसमें उन्होंने बताया कि पहले खरीदी जनरल व्यवस्था में होती थी, हमें लाइन लगकर बड़ी मशक्कत के साथ अपना धान बेचना पड़ता था। लेकिन अब टोकन सिस्टम से खरीदी होने के कारण धान खरीदी व्यवस्थित, सुरक्षित और आसान हुई है। अब किसानों का भगदड़ नहीं होती। किसान श्री भोगीलाल बताते हैं कि हमने खेती में यूरिया, डीएपी को कम मात्रा में उपयोग करना शुरू कर दिया है और ऑर्गेनिक (हारमोंस) का यूज कर रहे हैं। फसलों में बीमारी कम आ रही है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा गौठान में उत्पादित खाद हमारे बेहद काम आ रहा है, जो हमें सरकारी सोसाइटी से बहुत कम दामों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

किसान श्री भोगीलाल कहते हैं कि खरीदी का भुगतान तुरंत ही खाते में आ जाता है। बिना किसी तकलीफ के खेती की लागत के साथ-साथ हमें अपना मुनाफा भी बेहतर ढंग से मिल रहा है। आने वाले समय में भोगीलाल खेती में विस्तार करते हुए ड्रिप सिस्टम से प्याज की खेती करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि और कृषि को लेकर जो उनकी समझ है, वह सिर्फ एक किसान मुख्यमंत्री में ही हो सकती है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य में धान बिकने से हमें खेती में अतिरिक्त आय हो रही है, जिसके उपयोग से हम खेती को और अधिक आधुनिक तकनीक से करने में सफल हो पा रहे हैं। मेरे खेत में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम है। सेलोटेप परियोजना के तहत 2000 स्क्वायर फीट में पाइप लाइन भी बिछा हुआ है, जो फसलों को लाभ पहुंचा रहा है। किसान श्री भोगीलाल बताते हैं कि आने वाले समय में वे पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन भी लेने की योजना बना रहे हैं ताकि थरहा आसानी से और कम समय में लगाया जा सके।





















## खास-खबर

### कड़कनाथ पोल्ट्री फार्म में चोरी करने वाले दो आरोपित पकड़े गए

**बिलासपुर ( ए )।** कोनी स्थित कड़कनाथ पोल्ट्री फार्म में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से एग्जास्ट फैन, सिलिंग फैन समेत अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को रिमांड पर पेश कर दिया है। कश्यप कालोनी निवासी अभिजित राय(38) कोनी और सेंदरी मार्ग के बीच इशिता कड़कनाथ पोल्ट्री फार्म संचालित करते हैं। शुक्रवार को उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी ने पोल्ट्री फार्म के रोशनदान की जाली तोड़कर एग्जास्ट और सिलिंग फैन समेत तीन हजार नौ सौ रुपये की सामग्री पार कर दी है।

कोनी पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिरकोना के आसपास दो युवक पंखा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम जांच करने मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर डबरीपारा निवासी राहुल पासी और कन्हैया केंवट ने इशिता कड़कनाथ पोल्ट्री फार्म में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो पंखे और बाइक जब्त कर ली है।

### चौकसे पब्लिक स्कूल में 20 हजार की चोरी

**बिलासपुर ( ए )।** उसलापुर स्थित बीएल चौकसे पब्लिक स्कूल का ताला तोड़कर चोरों ने क्रिकेट किट, पांच घड़ी, वाईफाई डिवाइस पार कर दिया। स्कूल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। 27 खोली मंगला के रहने वाले प्रशांत चौकसे उसलापुर में बीएल चौकसे पब्लिक स्कूल चलाते हैं। बीते 11 मार्च की शाम 5:30 बजे वे स्कूल बंद कर घर चले गए। शनिवार की सुबह सात बजे प्रशांत स्कूल पहुंचे। तब अंदर के पांच कमरों के ताले टूटे थे और उनमें रखा 20 हजार का सामान गायब था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम जांच करने मौके पर पहुंची। स्कूल की तलाशी ली, लेकिन चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला।

### सिरफिरे प्रेमी ने कॉलेज में लड़की को गोली मारी

# प्रेमिका को तड़पता देख खुद पर फायर किया मौके पर ही मौत, एक तरफा प्यार का मामला

सूरजपुर (ए)। सूरजपुर में एक सिरफिरे आशिक ने एकतरफा प्यार में गोली चला दी। यह गोली उसने उसी लड़की पर चलाई, जिसे वो दिल दे बैठा था। वहीं जब उसने अपनी आंखों के सामने उस लड़की को तड़पते देखा तो युवक से रहा नहीं गया। फिर उसने खुद को भी गोली मार ली। इस वारदात में युवक की मौके पर ही मौत हो गई और युवती को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर रेफर किया गया है।



अब तक सामने आए जानकारी के मुताबिक ये मामला केदारपुर गांव का है। पूरा मामला एक तरफा प्यार का बताया जा रहा है। युवती को गोली मारने वाला युवक उसे पसंद करता था। मगर लड़की कई बार इनकार कर चुकी थी। इसी वजह से तैश में आकर देसी कट्टे से युवक ने युवती पर हमला कर दिया।

### फाइनल ईयर में पढ़ती थी लड़की

बताया गया है कि प्रेमनगर की रहने वाली फाईनल ईयर की छात्रा अनामिका साहू कॉलेज पहुंची थी। कैंपस में सहेलियों के साथ बैठी हुई थी कि संजय भगत नामक युवक पहुंचा ओर उसकी सहेलियों को वहां से भाग जाने को बोलते हुए कट्टा निकाल कर अनामिका पर फायर कर दिया। गोली युवती की पेट मे लगी और खून बहने लगा। लड़की वहीं गिर गई। फिर ये देख युवक ने भी खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस की टीम अब मौके पर पहुंची हुई है।

# बिलासपुर में पर्सनल यूजर आइडी से ई-टिकट की दलाली करने वाला कम्प्यूटर दुकान संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** रेलवे सुरक्षा बल ने पर्सनल यूजर आइडी से ई-टिकटों की हेराफेरी करने वाले कम्प्यूटर दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। संचालक के पास से 13 हजार 200 रुपये कीमत के 27 टिकट बरामद किया गया। आरोपित के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

टिकट दलालों को लेकर रेलवे सुरक्षा बल बेहद गंभीर है। इसके लिए समय- समय पर विशेष अभियान भी चलाया जाता है। इसके अलावा सूचना मिलने पर भी छापामार कार्रवाई भी की जाती है। अभी भी महा निरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एएन सिन्हा व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के द्वारा रेलवे के ई टिकट के अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत शुक्रवार को बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी व निरीक्षक भास्कर सोनी के नेतृत्व में उसलापुर आरपीएफ चौकी प्रभारी व उप निरीक्षक के द्वारा उसलापुर क्षेत्राधिकार में अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्हें सूचना मिली की मंगला में महर्षि स्कूल रोड जैन मंदिर के सामने संचालित पीसी पंडा द डिजिटल साल्यूशन एंड कम्प्यूटर वर्क दुकान में टिकटों की कालाबाजारी होती है। लिहाजा दुकान में दबिश देकर जांच की गई।

जांच में पता चला की दुकान संचालक आइआरसीटीसी से प्रदत्त यूजर आइडी के अतिरिक्त एक अन्य पर्सनल यूजर आइडी का उपयोग करते हुए रेलवे का ई टिकट बनाता है। इसके एवज में कमीशन भी वसूल करता है। जांच के दौरान दुकान संचालक द्वारा पर्सनल यूजर आइडी से पूर्व में बनाया गया 13 हजार 200 रुपये कीमत का 27 नग रेलवे ई टिकट बरामद किया।

### ड्यूटी के बाद घर आया, फिर निकला तो नहीं लौटा

# घरवाले फोन करते रहे, घंटी भी गई, बाद में नदी में तैरती मिली लाश



**दुर्ग ( ए )।** दुर्ग में शिवनाथ नदी के किनारे महमरा एनीकट के पास एक युवक का शव मिला है। शव को पानी से जब बाहर निकाला गया। उसकी पहचान असिस्टेंट लोको पायलेट एस गौरी प्रसाद (37 वर्ष) के रूप में हुई है। शव की पहचान मृतक के छोटे भाई एस महेश कुमार ने की। पुलगांव पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद शव को पीएम के लिए मरच्यूरी में रखवा दिया है।

पुलिस को दी शिकायत में एस महेश कुमार ने बताया कि वह न्यू खुर्सीपार वार्ड- 32 का निवासी है। उसका बड़ा भाई एस गौरी प्रसाद पिता एस कृष्णा (37 वर्ष) चरोदायार्ड में असिस्टेंट लोके पायलट था। 10 मार्च की सुबह ड्यूटी पर गया था। वहां से ड्युटी खत्म करके दूसरे दिन 11 मार्च को घर आया था। इसके बाद वह घर से कार लेकर बिना किसी को कुछ बताए कहीं चला गया।

### वह देर रात तक घर नहीं लौटा।

इसपर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल पर संपर्क किया तो घंटी गई, लेकिन फोन नहीं उठा। उसके दोस्तों और रिश्तेदारों से बात की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद एस महेश भाई की तलाश में निकला। खोजबीन करते-करते शनिवार सुबह वह दुर्ग होते हुए शिवनाथ नदी की तरफ गया। दूर से उसे महमरा एनीकट के पास उसकी कार खड़ी दिखी। जब वह नजदीक पहुंचा तो देखा कि एनीकट में किसी का शव पानी में तैर रहा है। इसके बाद एस महेश ने आसपास के लोगों को बुलाया और उनकी मदद से उसे बाहर निकाला तो शव उसके भाई का था। इसके बाद उसने पुलिस को मामले की सूचना दी।

### हत्या या खुदकुशी पता लगाने पुलिस जांच में जुटी

एस गौरी प्रसाद ने एनीकट में कूदकर खुदकुशी की है या फिर उसकी किसी ने हत्या की है यह अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतक के कपड़ों गाड़ी की चाबी और मोबाइल फोन जब्त किया है। मौत के कारण का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद यह साफ हो जाएगा।

# बिलासपुर में इंजीनियर युवती ने लगाई फांसी: कान में लगा था हेडफोन, तनाव या विवाद के चलते सुसाइड की आशंका, एक दिन पहले मां से आखिरी बार बात

बिलासपुर (ए)। बिलासपुर में इंजीनियर युवती ने शनिवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राइवेट गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली फंदे पर लटकती युवती के कान में हेडफोन लगा था और मोबाइल नीचे गिरा पड़ा था। ऐसे में आशंका है कि वह बात करते-करते किसी से कोई विवाद या तनाव होने पर यह आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर हुई होगी। उसने शुक्रवार शाम अपनी मां से आखिरी बार बात की थी। परिजनों ने बेटी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुराना बस स्टैंड के पास कश्यप कॉलोनी में सृष्टि गर्ल्स हॉस्टल है। यहां बिल्हा क्षेत्र के बरतोरी निवासी प्रियंका कौशिक पिता मालिकराम (24 साल) रूम किराए पर लेकर रहती थी। उसने तीन साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद से पुराना बस स्टैंड के पास ही तिवारी आर्किटेक्ट के ऑफिस में बतौर इंजीनियर काम करती थी। शनिवार को वह ऑफिस नहीं गई और ना ही ऑफिस के अधिकारियों-कर्मचारियों के कॉल और मैसेज का जवाब दिया।

### कमरे में फंदे पर लटकती मिली लाश

बताया जा रहा है कि प्रियंका फोन नहीं उठा रही थी और न ही वॉट्सऐप मैसेज का जवाब दे रही थी। इस पर उसके साथ काम करने वाला युवक शाम 4.30 बजे सृष्टि गर्ल्स हॉस्टल पहुंचा। उसने हॉस्टल संचालिका से उसके संबंध में पूछताछ की। हॉस्टल संचालिका उसके रूम में जाकर आवाज देने लगी। अंदर से आवाज नहीं आने पर उसने खिड़की का शटर हटाकर देखा, तब वह फंदे पर लटक रही थी। युवक के साथ मिलकर उन्होंने दरवाजा को धक्का देकर खोल दिया। फिर उसके परिजन को सूचना दी। परिजन के पहुंचने के बाद इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

### कान में लगा था हेडफोन, युवक के हाथ में था मोबाइल

परिजन ने बताया कि प्रियंका के कान में हेडफोन लटक रहा था और उसका मोबाइल युवक के हाथ में था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को सूचना दिए बगैर ही रूम का दरवाजा तोड़ दिया गया था। आशंका है कि प्रियंका ने फोन से किसी से बात करते-करते यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजन की मांग पर अब पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है।

### रोज शाम मां से करती थी बातें

प्रियंका रोज शाम को अपनी मां से बात करती थी। उसके पिता मालिकराम किसान हैं। और मां अरुंधती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। शुक्रवार की शाम प्रियंका ने अपनी मां से आखिरी बार बात की थी। तब वह बिल्कुल सामान्य थी।

प्रियंका के साथ उसकी छोटी बहन विनीता कौशिक क्लस्ट फर्स्ट ईयर की छात्रा है। विनीता और उसकी सहेली भी रूम में प्रियंका के साथ रहती हैं। लेकिन, कॉलेज में कक्षाएं नहीं लगने के कारण दो-तीन पहले ही दोनों रूम छोड़कर गांव चली गईं। इस बीच प्रियंका रूम में अकेली रह रही थी।

### मोबाइल कॉल डिटेल से खुलेगा मौत का राज

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि परिजन की मौजूदगी में शव का पंचनामा किया गया है। परिजन को आपत्ति थी कि दरवाजा तोड़ने से पहले पुलिस को घटना की जानकारी क्यों नहीं दी गई। जिस युवक ने फोन रखा था, वह प्रियंका की जानकारी लेने गया था। पुलिस ने युवती का मोबाइल जब्त कर लिया है। साइबर सेल की मदद से उसकी जांच की जाएगी। युवती फोन से बात कर रही थी कि नहीं, इसका राज भी मोबाइल से ही खुलेगा। मोबाइल की जांच के बाद आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को मरच्यूरी भेज दिया। रविवार की सुबह उसका पोस्टमॉर्टम किया जाना था।

# अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिकार करने बिछाया फंदा जब्त

**बिलासपुर ( ए )।** होली पर्व नजदीक आते ही शिकारी सक्रिय हो गए हैं। जंगल के अंदर घुसकर अब फंदा लगाने लगे हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में इसी तरह का मामला सामने आया है। कोटा बफर जोन में शिकारियों द्वारा जीआई तार का फंदा लगाया गया था। पर शिकार से पहले वन अमले ने 20 मीटर से अधिक लंबा जीआई तार बरामद किया है। शिकारी पकड़ में नहीं आए। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्देश पर अचानकमार टाइगर रिजर्व में एंटी स्नेयर गश्त नियमित किया जा रहा है। इसी के तहत कोटा बफर जोन के वनकर्मी व पैदल गार्ड सिवलखार में गश्त कर रहे थे। वह कक्ष क्रमांक 162 पर पहुंचे तभी उनकी नजर जीआई तार से बनाए गए फंदे पर पड़ी। 20 मीटर इस फंदे को दो पेड़ से बांधा गया था। इसके अलावा बीच- बीच रिंग जैसा बनाया गया था। ताकि इसके बीच से जंगल सुअर या चीतल निकले तो गला फंदे में फंस जाए।

पर शिकारियों की इस योजना को वनकर्मियों ने ध्वस्त कर दिया। इस फंदे पर सबसे पहले पैदल गार्ड जितेंद्र यादव की नजर पड़ी। उसने इसकी जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय शर्मा को दी। इसके बाद वे भी मौके पर पहुंचे और वनकर्मियों के साथ झाड़ियों के बीच निगरानी लगाकर करीब दो से तीन घंटे तक शिकारियों के पहुंचने का इंतजार किया गया। शाम ढलने तक कोई नहीं पहुंचा तब ऐसी स्थिति में फंदा को बरामद कर लिया गया।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, चालक की हालत गंभीर

**बिलासपुर ( ए )।** न्यायधानी में तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क हादसों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। चोट लगने के कारण लोग घायल हो रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर को सिरगिट्टी के पास एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गया। इससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आई है। चालक बेहोश हो गया। पुलिस की डायल 112 ने घायल को युवक को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इसके अलावा बाइक, कार चालकों का भी आना जाना होता रहता है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बाइक सवार युवक तेज रफ्तार से जा रहा था। सिरगिट्टी पानी टंकी के पास अचानक उसने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकराकर बाइक समेत गिर गया। घटना से युवक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई है। गिरने के बाद युवक बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सड़क किनारे लेटा दिया। इस बीच किसी ने पुलिस की डायल 112 को फोन का सूचना दी। पुलिस टीम जांच करने तत्काल मौके पर पहुंची। बेहोश होने के कारण युवक का नाम, पता और स्वजन के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिसकर्मियों ने घायल युवक को वाहन से सिम्स मेडिकल कालेज लेकर गए। वहां उसे भर्ती कराया गया और डाक्टरों की टीम ने तत्काल इलाज शुरू कर दिया।

आसपास के लोगों ने बताया कि बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं पहना था। इसके बावजूद वह तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। यदि हेलमेट पहने होता तो उसके सिर पर चोट नहीं आती।



























## खास - खबर

### फ्लावर शो के प्रतिभागियों को महापौर ने दिये पुरस्कार और किया सम्मानित

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज अपने कक्ष में फ्लावर शो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत सम्मानित किये। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, सभापति राजेश यादव,श्रीमती रत्ना नारमदेव,सहित अन्य उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को राजेन्द्र पार्क में पर्यावरण प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा के नेतृत्व में भव्य तीसरा फ्लावर शो का भव्य आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न प्रजाति के फूल, पौधों की प्रदर्शनी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किया गया।

### सांसद विजय बघेल पहुंचे शिवराज राउत के घर, दाई की स्वास्थ्य का जाना हालचाल

**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल शनिवार को धमधा नाका स्थित स्व.झुमुकलाल राउत निवास पहुचे जहाँ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सासोबाई राउत की स्वास्थ्य का हालचाल जाना व शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बता दे कि भाजपा नेता शिवराज राउत की माँ सासोबाई की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रहा है। 94 साल की उम्र में अस्वस्थता के चलते घर मे ही आराम कर रही है। पुराने सम्बन्धो के चलते आज सांसद विजय बघेल उनके घर पहुचे थे। सांसद बघेल के साथ भाजपा के जिला महामंत्री ललित चन्द्राकर एवम वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व पार्षद चैनसुख भट्टड़ भी साथ थे।

### सभापति के चेम्बर में धूमधाम से मनाया गया क्षितिज चन्द्राकर का जन्मदिन

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के सभापति राजेश यादव के चेंबर में प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व युवा तुर्क क्षितिज चन्दाकर का जन्मदिन बड़ी धुमधाम से मनाया गया। सभापति के चेम्बर को फूलों से सजाया गया था। सभी शुभचिंतको के साथ क्षितिज चन्द्राकर ने जन्मदिन का केक काटा। इस अवसर पर उपस्थित शुभचिंतको ने पुष्पगुच्छ भैंट कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालो में पूर्व साडा अध्यक्ष लक्ष्मण चन्दाकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, नगर निगम दुर्ग के सभापति राजेश यादव, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, भिलाई कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चन्दाकर, अजय शर्मा, विजय साहू, दीपक चावड़ा, सुरेश देवांगन, सरोज यादव, असांर सुर्यमणि, राहुल शर्मा, गुरदीप भाटिया, बिजेन्द्र भारद्धाज, कुलेश्वर साहू, सतीश देवांगन, अमित देवा कांशीराम भास्कर कण्डले, वैकट साई राव, गुड्डू यादव सहित सैकडो कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप मध्यानी नहीं रहे

**दुर्ग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप मध्यानी 59वर्ष का शनिवार की दोपहर हैदराबाद के एक नीजि अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंग्स के इंफेक्शन से पीड़ित थे।उनका पिछले हफ्तेभर से हैदराबाद में इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च,रविवार को दुर्ग किया जाएगा।



स्व.मध्यानी दुर्ग नगर निगम में तीन बार पार्षद निर्वाचित होने के साथ नेता प्रतिपक्ष भी थे। सत्र 2014 में महापौर चुनाव के दौरान उन्होने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। पिछले विधानसमा चुनाव में उन्होंने जोगी कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ा था और कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों को कडी टक्कर दी थी , लेकिन उसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। स्व. मध्यानी सहज, सरल होने के साथ दूसरों की मदद करने में सदैव आगे रहे।वे बेहद लोकप्रिय थे। उनका निधन कांग्रेस के लिए की अपूरणीय क्षति हैं।

# जेएनएल अस्पताल में नवजात शिशु पुनर्जीवन कार्यक्रम का महती आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए जेएनएल अस्पताल के नवजात षिषु रोग विभाग ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में आज दिनांक 12 मार्च, 2022 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में नवजात शिशु रोग विभाग द्वारा नवजात षिषु पुनर्जीवन कार्यक्रम (नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम) का व्यवहारिक आयोजन, ईडी (मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेस) डॉ एस के इस्सर तथा सीएमओ द्वय डॉ एम रवींद्रनाथ तथा डॉ प्रमोद बिनायके और विभागाध्यक्ष (बाल रोग विभाग) डॉ संबिता पंडा के कुषल मार्गदर्शन तथा नवजात शिशु रोग इकाई के प्रभारी डॉ सुबोध साहा के कुषल नेतृत्व में किया गया।**




यह कार्यक्रम जेएलएन अस्पताल में नवजात षिषु मृत्यु दर को और कम करने तथा अस्पताल प्रबंधन द्वारा किये जा रहे समग्र प्रयासों और प्रतिबद्धताओं सुदृढ़ करने का एक महती आयोजन साबित हुआ है। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि आज बीएसपी का जेएनएल अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र में शिशु मृत्यु दर अत्यंत कम है जो पश्चिमी दुनिया के कुछ विकसित देशों के बराबर है।

नवजात शिशु रोग इकाई के प्रभारी डॉ सुबोध साहा और टीम के सक्षम नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस टीम के महत्वपुर्ण सदस्य हैं- डॉ संजीबनी पटेल और डॉ नूतन कुमार वर्मा और डॉ माला चैधरी।

विदित हो कि नवजात शिशु पुनर्जीवन कार्यक्रम (नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम) अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एंड नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (आईएपी-एनआरपी-एफजीएम-प्रोजेक्ट) द्वारा निर्धारित हालिया दिशा-निर्देशों के आधार पर डिजाइन्ड एक व्यावहारिक प्रशिक्षण आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम है जो भारत के नवजात एक्षन प्लान के अनुरूप है जिसके तहत वर्ष 2030 तक भारत ने नवजात शिशु मृत्यु दर को इकाई अंक तक लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र में होने वाली मौतों में से 44 प्रतिषत नवजात शिशुओं की मृत्यु को रोका जा सकता है। इनमें से कम से कम 50 प्रतिशत मौतों को शैक्षणिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर कम किया जा सकता है जिसके तहत नवजात षिषु के पुनर्जीवन और नवजात के देखभाल से संबंधित आवश्यक तत्वों पर व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम का लक्ष्य नवजात मृत्यु दर को कम करना है, जो जन्म के समय नवजात शिशुओं की श्वसन अवरोध से संबंधित मृत्यु की रोकथाम कर इनके मृत्यु दर में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। यह कार्यक्रम उच्च प्रभाव वाले लागत प्रभावी उपायों को लागू करने के लिए एक दृष्टि और योजना तैयार करता है और प्राथमिकता निर्धारित कर एक सुस्पष्ट निगरानी ढांचे को तैयार करता है। इस कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं के प्रसव तथा उनके देखभाल से जुड़े बाल रोग, प्रसूति और स्त्री रोग विभाग के स्नातकोत्तर रेजिडेंट डॉक्टर तथा नियोनेटल आईसीयू और लेबर रूम में काम कर रहे क्रिटिकल केयर स्टाफ को प्रषिक्षित किया गया। नवजात षिषु को पुर्नजीवन देने हेतु आवष्यक कौषल का व्यवहारिक प्रषिक्षण देने के साथ ही इन्हें आवष्यक ज्ञान और हैड्सऑन ट्रेनिंग प्रदान किया गया। जिससे नवजात षिषु के जीवन को बचाया जा सके। प्रभारी (नवजात इकाई) डॉ सुबोध साहा के कुषल नेतृत्व में इस वैज्ञानिक कार्यक्रम का समन्वय कंसल्टेंट (षिषु रोग विभाग), डॉ माला चैधरी ने किया।

विधायक वोरा की पहल पर दुर्ग शहर को मिली एक और बड़ी सौगात

## 14 करोड़ के ठगड़ा बांध के बाद महमरा में 30 करोड़ से बनेगा लक्ष्मण झूला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शहरी क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क नाली, हाई मास्ट लाइट, सोलर हाई मास्ट जैसी मूलभूत विकास सुविधाओं के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा दुर्ग को स्मार्ट सिटी की पहचान दिलाने लगातार प्रयासरत हैं जिसके परिणाम स्वरूप पर्यटन एवं पर्यावरण सुधार की दिशा में उनके प्रयासों को एक और बड़ी सफलता मिली है।**



14 करोड़ की लागत से ट्विन सिटी के बीचों बीच स्थित ठगड़ा बांध को पिकनिक स्पॉट के रूप में परिवर्तित करने का कार्य तेज गति से जारी है इसी बीच नवीन बजट सत्र में वोरा के आग्रह पर शिवनाथ नदी तट के महमरा एनीकट के पास 30 करोड़ की लागत से लक्ष्मण झूला भी बनाने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जहां जल संसाधन विभाग द्वारा सस्पेंशन ब्रिज के साथ ही नदी के दोनों ओर उद्यान विकास भी किया जाएगा। ई ई सुरेश पांडेय ने बताया कि विधायक वोरा के आग्रह पर मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार विभागीय बजट 22-23 में शहर के लिए इस योजना को सम्मिलित किया गया है। जल्द ही प्रस्ताव बना कर शासन को प्राक्कलन प्रेषित कर दिया जाएगा। श्री वोरा ने कहा कि 15 वर्षों से उपेक्षित दुर्ग जिला अब विकास के नए आयाम गढ़ने की ओर है सड़क, नाली, बिजली, उद्यान, सौंदर्यीकरण के साथ साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी आम जनों की भावनाओं के अनुरूप राशि स्वीकृत कराई जा रही है। क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ से अधिक के विकास कार्य प्रगतिशील हैं। हमर दुर्ग - स्मार्ट दुर्ग की संकल्पना को साकार करने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को धन्यवाद देते हुए कहा कि महमरा एनीकट में शिवनाथ तट को विकसित करने हेतु लक्ष्मण झूला एवं उद्यान निर्माण से शहर वासियों को एक और पर्यटन स्थल सौगात जल्द ही मिलेगी।

## सेल-बीएसपी के आरएसएम ने आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन में बनाया नया दैनिक रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्र के लिए रेल निर्माता के रूप में, सेल का भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेलवे के दिन-प्रतिदिन के संचालन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। सेल-बीएसपी ने भारतीय रेलवे के कड़े स्पेसिफिकेषनों के अनुसार विश्व स्तरीय रेलों की रोलिंग की है। वर्तमान में रेलवे को नए 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ नए आर-260 ग्रेड रेल का उत्पादन और आपूर्ति कर रहा है।



इस कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने 11 मार्च, 2022 को 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड रेल के 1931 टन की रोलिंग कर दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि 17 जून, 2021 को स्थापित 1852 टन की रोलिंग के दैनिक उत्पादन से कहीं अधिक है। 11 मार्च, 2022 को 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड रेल के 1931 टन रोलिंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ लांग रेल्स उत्पादन 653 टन शामिल है जो कि 6 मार्च, 2022 को बनाये गये 651 टन लांग रेल्स उत्पादन से कहीं अधिक है।

विदित हो कि भारतीय रेलवे रेल परिवहन में उच्च गति और एक्सल लोड की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए रेलवे ने सेल से माइक्रो-अलॉय रेल स्टील का उत्पादन करने की मांग की है। इसी आवष्यकता को पूरा करने हेतु सेल-बीएसपी ने नए आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन पर विषेष ध्यान केन्द्रित किया है जिससे इस रेल को उच्च यील्ड स्टेऊन्थ प्रदान किया जा सके। 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड की रेल यूरोपीय स्पेसिफिकेषन ईएन-13674 से कहीं अधिक उच्च गति और अधिक एक्सल लोड लेने के लिए सक्षम है।

सेल-भिलाई द्वारा आपूर्ति की जा रही इस नए ग्रेड की रेल, भारतीय रेलवे को उच्च शक्ति वाले तथा अधिक सर्विस लाइफ वाले रेल की उपलब्धता सुनिष्चित कर रेल्वे को बढ़ते यातायात दबाव का सामना करने हेतु सक्षम बनाएगी।

## महापौर ने कांग्रेस भाजपा, निर्दलीय महिला पार्षदों एवं एल्डरमेन को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में आज महापौर धीरज बाकलीवाल अपने कक्ष पर सभापति राजेश यादव,महिला बाल विकास प्रभारी सुश्री जमुना साहू के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्व विभाग एवं बाजार विभाग प्रभारी ऋषभ जैन, वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू,विद्युत विभाग प्रभारी भोला महोविया,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर के मौजूदगी में नगर निगम में कांग्रेस,भाजपा एवं निर्दलीय महिला पार्षदों एवं एल्डरमेन को उपहार भेंटकर



सम्मान किया गया और बधाई एवं शुभकामनाए दी। नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, ऐसे में महिलाओं का सम्मान भी किया जाना चाहिए,सभापति राजेश यादव ने कहा कि मौजूदा दौर नारी उत्थान और सशक्तीकरण का दौर है, महज एक दिन का महिला दिवस ना होकर वर्ष भर हम सबको समाज में रह रही महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए. निगम परिसर में महिला दिवस के मौके पर महिला सम्मान कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुश्री जमुना साहू,श्रीमती सत्यवती वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

युवती और महिलाएं ही आवेदन कर सकती है

## निगम दुर्ग ने महिला समृद्धि दुकानों के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सिविल लाइन नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में स्थित महिला समृद्धि बाजार योजना अंतर्गत 13 दुकानों भूतल एवं प्रथम तल पर निर्मित के आवंटन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है।आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2022 है। उक्त दुकानों में आरक्षण प्रक्रिया लागू की गई है।

रिक्त दुकाने निम्नानुसार है: दुकान नंबर 7 भूतल (पिछड़ा वर्ग) दुकान दुकान नंबर 10 भूतल (दिव्यांग ),दुकान नंबर 9 भूतल, दुकान नंबर 11 भूतल, दुकान नंबर 14 भूतल, 23 प्रथम तल, दुकान नंबर 27 प्रथम तल, दुकान नंबर 31 प्रथम तल, दुकान नंबर 36 प्रथम तल (अनारक्षित वर्ग) दुकान नंबर 16 भूतल, दुकान नंबर 28 प्रथम तल ,दुकान नंबर 32 प्रथम तल ,दुकान नंबर 35 प्रथम तल (अनुसूचित जाति वर्ग) के लिए आरक्षित किया गया है। रिक्त दुकानों के लिए आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से निर्धारित दिनांक तक प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन कार्यालय में सीधे नहीं लिए जाएंगे। दुकान आवंटन के लिए शर्तें इस प्रकार है : योजना महिलाओं एवं युवतियों के लिए है।आवेदिका की आयु 18 वर्ष से अधिक होना




आवश्यक है।

दुर्ग निकाय क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है। स्वयं या अभिभावक पालक की वार्षिक आय एक लाख से कम होना चाहिए। दुकान आवंटन अमानत राशि एक लाख एकमुश्त जमा करना अनिवार्य होगा ।आय प्रमाण पत्र तहसीलदार से प्रमाणित होना आवश्यक है। आरक्षित श्रेणी के दुकानों के लिए संबंधित वर्ग के आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। आयु हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा पांचवी या आठवीं या हायर सेकेंडरी बोर्ड प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य की जावेगी मतदाता सूची परिचय पत्र राशन कार्ड में दर्ज जन्मतिथि मान्य नहीं होगा। शेष जानकारी बाजार विभाग में उपस्थित होकर कार्यालय दिवस एवं समय में प्राप्त की जा सकती है।

## स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से अपने बिजनेस आइडियाज को इनक्यूबेशन के माध्यम से दे सकते हैं बढ़ावा

### उद्यमिता को बढ़ावा देने उद्योग विभाग का एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विस्तार से जानकारी दी कि किस तरह स्टार्टअप को और नवाचार को इनक्यूबेशन के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है। प्रतिभागियों ने बताया कि युवाओं के मन में नवाचार बहुत से होते हैं लेकिन पूंजी और सटीक तरीके से नवाचार को मूर्त रूप देने की योजना के अभाव में वे इस ओर नहीं बढ़ सकते।**



कार्यक्रम में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सरोजनी पाणिग्रही , जिला प्रमुख लघु उद्योग भारती ने बताया कि किस प्रकार युवाओं और महिलाओं के लिए नई संभावना इस क्षेत्र में है और उन्हें प्रेरित करने किस तरह से कार्य किये जा रहे हैं। संयुक्त संचालक एमएसएमई राजीव एस ने कहा कि स्टार्टअप के आइडियाज को किस तरह से बेहतर किया जा सकता है उसके लिए उद्योग विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं ताकि विशेषज्ञता के लाभ से इस क्षेत्र में तरक्की की जा सके। उपसंचालक लोकेश परगनिहा ने कुछ उद्यमियों के नवाचार साझा किये और बताया कि किस तरह उन्होंने अपने उद्यम को तकनीकी विशेषज्ञता और उद्योग विभाग की सलाह लेकर बेहतरीन तरीके से संचालित किया। प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तुषार त्रिपाठी ने पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने औद्योगिक नीति 2014-19 के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने विविध क्षेत्रों में उद्यम की संभावनाओं और इसके लिए आगे बढ़ने के विषय में भी विस्तार से बताया। सहायक संचालक एमएसएमई उमेश प्रसाद ने केंद्र सरकार की क्रेडिट लिंक इन्वेस्टमेंट स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। शंकराचार्य कालेज के प्राध्यापक प्रोफेसर शैलजा बहादुर व प्रोफेसर स्वाति वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का आयोजन राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय रायपुर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में तथा शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के सहयोग से किया गया।

# रामायण मंडलियों की प्रतिभा को राज्यस्तरीय मंच देने सुंदर मानसगान से आध्यात्मिक हुआ गांवों का माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। यह अपनी तरह का अनूठा आयोजन था, जिसमें शासन की पहल पर रामायण मंडलियों ने मानस मंडली प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राम के चरित का पारायण होता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली मंडलियां विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी और वहां से जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगी।**



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन पर आधारित कथा रामचरित मानस के पारायण की छत्तीसगढ़ के गाँवों में लंबी परंपरा रही है। श्रीराम के चरित पारायण और जीवन दर्शन से संस्कारों का निर्माण होता है। यह परंपरा इसी तरह समृद्ध होती रहे। मंडलियां रामकथा को सुंदर तरीके से प्रस्तुत करने की और राम के चरित्र को जनता तक पूरी तरह अभिव्यक्त करने में सफल हो, इसके लिए शासन ने मानस मंडली प्रोत्साहन योजना तैयार की। मानस मंडली के कलाकार अरविंद चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आनंद के लिए और संस्कारों के निर्माण के लिए हमेशा से रामकथा सुनने और सुनाने का चलन रहा है। जब गांवों में बिजली नहीं होती थी तो भी लोग दिया जलाकर जुटकर देर तक रामकथा का श्रवण करते। कई मंडलियां अपनी संगीतमय प्रस्तुति से तो पूरी तरह से आध्यात्मिक माहौल तैयार कर देती और सुनने वाले चकित रह जाते। श्री चंद्राकर ने बताया कि शासन ने रामायण मंडलियों को प्रोत्साहन देने की जो योजना तैयार की है उनसे इन्हें प्रोत्साहन तो मिलेगा ही, साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्य कर रही मंडलियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा।

### इस तरह का है कार्यक्रम

मानस मंडली प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर पंजीकृत रामायण मंडलियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता आरंभ हो गई है ये इस रविवार तक होगी। विकासखंड स्तर पर 21 मार्च से 24 मार्च तक, जिला स्तर पर 2 अप्रैल 2022 को राज्य स्तरीय शिवरीनारायण में 8 से 10 अप्रैल 2022 में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये और विकासखंड स्तर पर प्रत्येक विकासखंड में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु उमेश कुमार मिश्रा नोडल अधिकारी, दूरभाष क्रमांक 97520-40000, युगल तिवारी कार्यक्रम संयोजक दूरभाष क्रमांक 94063-98080 से संपर्क कर सकते हैं।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950